RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

दैनिक

# सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, रविवार ●17 मार्च , 2024 वर्षः-11 अंक - 319 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## संक्षिप्त समाचार

### आधी रात को कई परियोजनाएं मंजूर

इंदौर। आचार संहिता लगने से पहले बीती रात केंद्रीय मंत्रालयों ने रतजगा कर कई परियोजनाओं को मंजूरी दी। सड़क परिवहन मंत्रालय, जहाजरानी मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय ने ताबड़तोड़ दर्जनों परियोजनाओं को मंजूरी दी। अब आचार संहिता लगने के बावजूद इन परियोजनाओं पर कार्य जारी रहेगा। इन परियोजनाओं में मध्यप्रदेश में उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 189 करोड़ की लागत से बनने वाला रोप-वे भी शामिल है। इसके अलावा 1700 करोड़ के तीन हाईवे प्रोजेक्ट के साथ ही 10 नए जल मार्गों को भी मंजूरी दी गई।

#### सात चरणों में हो सकते हैं चुनाव

चुनाव आयोग आज दोपहर 3 बजे लोकसभा चुनाव तिथि का ऐलान करेगा। तिथि का ऐलान होने के साथ ही देशभर में आचार संहिता लागू हो जाएगी। माना जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव 7 या 8 चरण में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिशा, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की तिथि का ऐलान भी किया जा सकता है। इन राज्यों में सरकार का कार्यकाल भी जून तक समाप्त हो जाएगा।

### छोटी ग्वालटोली में लगी आग, कई दुकानें आई चपेट में, ऑटो रिक्शा-बाइक जली

#### जाम की स्थिति में रूट डायवर्ट किया

इंदौर। शनिवार शाम पटेल ब्रिज के पास छोटी ग्वालटोली में दुकानों में आग लग गई। इससे कई दुकानें चपेट में आ गई। आग लगने के बाद वहां भगदड़ मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग में आटो रिक्शा और बाइक जल गई। आग कैसे लगी, अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। आग लगने से मौके पर भीड़ जमा हो गई। इससे वहां जाम की स्थिति बनी और रूट डायवर्ट करना पड़ा।

गर्मी आते ही शहर में अग्निकांड की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। इंदौर में बुधवार शाम इंडस्ट्री हाउस की बिल्डिंग में भी आग लग गई थी। आग ने तीन मंजिलों को चपेट में ले लिया था। वहां कई कर्मचारी फंस गए थे। आग लगने के बाद वहां भगदड़ की स्थिति बन गई थी। कई लोग तो जान बचाने के लिए पीछे से पाइप के सहारे पांचवीं मंजिल से नीचे उतरे।

### चीन को लगा तगड़ा झटका, चंद्र मिशन हो गया फेल

#### चांद के लिए रवाना हुए दो सैटेलाइट रास्ता भटके, माना जा रहा बड़ी चूक

बीजिंग (एजेंसी)। चीन के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन को उस समय झटका लगा, जब चांद के लिए लॉन्च हुआ उसके दो सैटेलाइट अपनी कक्षा में पहुंचने में नाकाम हो गए। बीजिंग के हाई प्रोफाइल अंतरिक्ष प्रोग्राम में इसे बड़ी चूक माना जा रहा है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लॉन्च के फेल होने की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, रॉकेट डीआरओ-ए और बी उपग्रह को उसकी निर्दिष्ट कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा। इस समस्या का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## देश में आम चुनाव का हो गया 'शंखनाद'

● 7 चरणों में होगी वोटिंग, 4 जून को आएंगे नतीजे ● पहली वोटिंग 19 अप्रैल को, आखिरी 1 जून को ● चुनावों के ऐलान के साथ ही आचार संहिता लागू




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के सबसे बड़े 'चुनावी महाकुंभ' की तारीखों का ऐलान शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल, दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवां चरण 20 मई, छठा चरण 25 मई और सातवां चरण 1 जून को होगा। 19 अप्रैल से 1 जून तक 7 चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। फेज -1 का नोटिफिकेशन 20 मार्च को जारी होगा। पहले फेज में 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। दूसरे फेज के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 28 मार्च को जारी किया जाएगा। दूसरे फेज में 89 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। तीसरे फेज का नोटिफिकेशन 12 अप्रैल को जारी होगा। तीसरे चरण में 94 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। चौथे फेज का नोटिफिकेशन 18 अप्रौल को जारी होगा। चौथे फेज में 96 सीटों पर वोटिंग होगी। पांचवें फेज का नोटिफिकेशन 26 अप्रैल को जारी होगा। पांचवें चरण में 49 सीटों पर वोटिंग होगी। छठे फेज के लिए 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा। छठे चरण में 57 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। सातवें चरण के लिए नोटिफिकेशन 7 मई को जारी किया जाएगा। इसमें 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

### चार राज्यों के विधानसभा चुनावों का भी ऐलान

#### आंध्र में 13 मई, अरुणाचल में 19 अप्रैल, सिक्किम में 26 अप्रैल को वोटिंग, ओडिशा में 4 फेज में चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी ऐलान कर दिया है। आंध्र प्रदेश में नोटिफिकेशन 18 अप्रैल को जारी होगा। वोटिंग 13 मई को होगी। ओडिशा में 2 फेज में वोटिंग होगी। 7 मई, 13 मई, 25 मई और एक जून को वोटिंग होगी। अरुणाचल 20 मार्च नोटिफिकेशन, 19 अप्रैल को वोटिंग। सिक्किम में 19



मार्च नोटिफिकेशन, 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। इनके अलावा गुजरात की 5, यूपी की 4, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। सभी राज्यों में काउंटिंग लोकसभा चुनावों की काउंटिंग के साथ 4 जून को होगी। ओडिशा की 147, सिक्किम की 32, अरुणाचल प्रदेश की 60 और आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे।

### राजधानी भोपाल सीट पर 7 मई को वोटिंग

#### 23.28 लाख मतदाता डालेंगे वोट, आचार संहिता लागू होने के 53वें दिन होगा मतदान

भोपाल। भोपाल लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग होगी। नतीजे 4 जून को आएंगे। आचार संहिता लागू होने के दिन से 53वें दिन मतदान होगा। उम्मीदवार 12 से 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 20 अप्रैल को नामांकनों की स्क्रूटनी की जाएगी।

22 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। लोकसभा में 8 विधानसभा सीटों के 23 लाख 28 हजार 59 मतदाता वोट डालेंगे। 2019 के मुकाबले इस चुनाव में 2.26 लाख वोटर ज्यादा है।

इसमें से 11 लाख 95 हजार 428 पुरुष और 11 लाख 32 हजार 454 महिलाएं व 177 थर्ड जेंडर है। खास बात यह है कि महिला और पुरुष मतदाताओं के बीच महज 63 हजार का ही अंतर है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। लोकसभा चुनाव 7 चरण में होगा। भोपाल लोकसभा सीट के लिए मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा। भोपाल लोकसभा सीट में कुल 8 विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें भोपाल जिले की 7 और सीहोर जिले की 1 विधानसभा है। भोपाल जिले की बैरसिया, भोपाल उत्तर, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा एवं हुजूर, सीहोर जिले की एक विधानसभा सीहोर शामिल हैं।

## एमपी की 29 लोकसभा सीटों पर 4 चरणों में चुनाव

● भोपाल, ग्वालियर में 7 मई, इंदौर, उज्जैन सीट पर 13 मई को वोटिंग



भोपाल। देश में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होगा। 4 जून को काउंटिंग होगी। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए 4 चरणों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 6 सीट, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 7 सीट, तीसरे चरण में 7 मई को 8 सीट और चौथे चरण में 13 मई को 8 सीटों पर वोटिंग होगी। मध्यप्रदेश में इस बार 5 करोड़ 63 लाख 40 हजार 64 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

#### शिवराज की सीट पर 7 मई, नकुलनाथ की सीट पर 19 अप्रैल को वोटिंग

पूर्व सीएम शिवराज सिंह विदिशा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों पर तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग होगी। छिंदवाड़ा में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां से पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ चुनाव लड़ रहे हैं। नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 5.60 करोड़ थी। वोटर लिस्ट में चार महीने बाद अब तीन लाख वोटर बढ़ गए हैं।

### आचार संहिता लगते ही शहर में धारा 144 लागू

#### कलेक्टर ने ली स्टैंडिंग कमेटी की बैठक; दोपहर तक भूमिपूजन-लोकार्पण में जुटे रहे जनप्रतिनिधि




भोपाल। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही भोपाल में धारा 144 लागू कर दी गई। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग ली। वहीं, एडीएम और एसडीएम से चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा भी की। इसी के साथ शहर में फ्लैक्स-बैनर उतारे जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले शनिवार को भोपाल लोकसभा सीट पर जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक अपनी-अपनी विधानसभा में सुबह से दोपहर तक विकास कार्यों की सौगातें देने में जुटे रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुरा भेल सीएम राइज स्कूल बनेगा। मंत्री विश्वास सारंग ने भूमिपूजन किया। स्कूल करीब 24 करोड़ की लागत से बनेगा।

### खजुराहो के सपा प्रत्याशी का ऐलान एक-दो दिन में

#### पूर्व विधायक पति-पत्नी टिकट की रेस में, बिजावर के मनोज को भी मिल सकता है मौका

भोपाल। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और सपा के बीच समझौता हुआ है। कांग्रेस-सपा के गठबंधन में एमपी की खजुराहो लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। खजुराहो सीट पर एक-दो दिन में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा हो सकती है। संभवतः 18 मार्च को कांग्रेस की बैठक के पहले सपा के प्रत्याशी के नाम का ऐलान हो सकता है। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया लगभग अंतिम दौर में हैं। पार्टी के पास जो नाम आए थे उन पर विचार-मंथन हो चुका है। संभवतः एक- दो दिन में प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो जाएगी। दीपनारायण सिंह यादव- खजुराहो लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी की रेस में उत्तरप्रदेश के झांसी जिले की गरौठा सीट से दो बार सपा के विधायक रहे दीपनारायण सिंह यादव सबसे आगे हैं। दीपनारायण यादव 2009 में समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। दीपनारायण यादव की पत्नी मीरा यादव 2008 में मप्र की निवाड़ी सीट से सपा की विधायक निर्वाचित हुई थीं। पति-पत्नी अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं के सदस्य थे। यदि महिला कोटे में टिकट दिया गया तो मीरा यादव खजुराहो से प्रत्याशी हो सकती हैं।

## इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हफ्ता वसूली की गईः राहुल

#### न्याय यात्रा के दौरान ठाणे में कहा-मोदी-अडानी एक ही है, इन्हें मोडानी कहें

ठाणे (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में हफ्ता वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी को रेलवे, सड़क, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें 'मोडानी' भी कह सकते हैं। इसके अलावा राहुल ने कहा कि पीएम मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है। फिर उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ढांचा तैयार क्यों किया। हिंदुस्तान में कोरोना से करीब 50 लाख लोगों की जान गई। एक तरफ लोगों की जान जा रही थी, दूसरी तरफ वैक्सीन वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट नरेंद्र मोदी को पैसा दे रही थी। राहुल



गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम में भ्रष्टाचार के 4 तरीके बताए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी यही तरीके बताए थे। मोदी सरकार कंपनियों के पीछे ईडी, सीबीआई, आईटी लगा देती है। उसके 2-3 महीने बाद वह कंपनी जैसे ही बीजेपी को चंदा देती है, जांच एजेंसियां हट जाती हैं। बड़े-बड़े कॉन्ट्रैक्ट उन्हीं कंपनियों को मिलते हैं, जो बीजेपी को चंदा देते हैं। पहले कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दिया जाता है, फिर उसका सीधा फायदा मोदी जी की पार्टी को दिया जाता है। शेल कंपनियों के जरिए कंपनी का अपना ही पैसा बीजेपी के हवाले हो जाता है।

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को मिली राहत

● अदालत ने 15 हजार के निजी मुचलके पर दे दी है जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में समन की अनदेखी के खिलाफ याचिका दायर की थी। अदालत में केजरीवाल के वकील ने कहा कि सीएम के खिलाफ जिन धाराओं का मामला दर्ज है वो जमानती हैं। केजरीवाल के वकील ने बॉन्ड भरवाकर जमानत की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने 15 हजार के निजी मुचलके पर दी केजरीवाल को जमानत दे दी। जमानत के बाद केजरीवाल कोर्ट परिसर से निकल गए। इस मामले में अब 1 अप्रैल को सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार, दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15,000 रुपए के मुचलके और 1 लाख रुपए जमानत राशि पर बेल दे दी है। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले के संबंध में ईडी की दो शिकायतों के आधार पर अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन के बाद सीएम अदालत में पेश हुए थे।

## अरब सागर में इंडियन नेवी के आगे समुद्री लुटेरे हो रहे पस्त

#### पाक-बांग्लादेश नहीं अन्य देश भी मान रहे हमारी बढ़ती ताकत का लोहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। यह आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, ये संकल्पों को चरितार्थ करने के लिए जी-जान से जुटा हुआ भारत है...



इसलिए ये भारत न रुकता है, न थकता है, न हांफता है और न ही ये भारत हारता है। पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत को कुछ इसी तरह परिभाषित किया था। बताया था कि जो हमारी तरफ आंख उठाकर देखेगा, उसे मुंह की खानी पड़ेगी। हमारी तीनों सेनाएं (नभ,जल और थल) भी अब ईंट से ईंट बजाने में माहिर हैं। दुश्मन को उसी की भाषा में समझाना उन्हें आता है। भारत के सेना की ताकत क्या होती है, यह तो अरब सागर में आतंक मचा रहे समुद्री लुटेरे अब भलीभांति समझ गए होंगे। भारतीय नौसेना ने बांग्लादेश के 22 नागरिकों को भी बचाया था।

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए संकटमोचक बना था नेवी

मुश्किल में फंसे पड़ोसी देश के नागरिकों की मदद करना कोई पहली बात नहीं है। बांग्लादेश से पहले बीते दो महीनों में इंडियन नेवी ने पाकिस्तान और ईरान के भी नागरिकों को भी समुद्री लुटेरों से बचाया है। यह सारी घटनाएं अरब सागर के पास सोमालिया तट के पास ही हुई हैं। पाकिस्तान के लिए तो भारतीय नौसेना दो-दो बार मदद कर उन्हें चंगुल से छुटाया था। जनवरी के अंतिम महीने में सोमालिया के पूर्वी तट के पास समुद्री लुटेरों ने 19 पाकिस्तानी नाविकों को बंधक बना लिया था। उनके ईरानी झंडे वाले विमान एफवी अल नईमी में 11 समुद्री लुटेरे सवार हो गए थे। इसके बाद इंडियन नेवी ने अपने आईएनएस सुमित्रा को भेजा जिसके बाद मजबूरन समुद्री लुटेरों को उन 19 पाकिस्तानी नागरिकों को छोड़ना पड़ा था। इसके ठीक 2 दिन बाद फिर 8 पाकिस्तानी को बचाया था।

#### आईएस ने रची थी महाराष्ट्र-गुजरात में ड्रोन हमले की साजिश

## बम ब्लास्ट-फायरिंग की थी प्लानिंग एनआईए की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) महाराष्ट्र के पुणे, मुंबई और गुजरात के अहमदाबाद व सूरत में हमास जैसा आतंकी हमला करने की साजिश रच रहा था। दरअसल, बीते 7 अक्टूबर को फिलीस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास ने इजरायल पर ड्रोन और जमीन से हमला किया था। ठीक ऐसी ही ड्रोन से हमले की प्लानिंग आईएस की थी। इसके अलावा आईएस इन शहरों में फायरिंग करने की प्लानिंग भी कर चुका था। लेकिन बीते 2 नवंबर को आईएस ने रेड मारकर पुणे में आईएस का एक मॉड्यूल ध्वस्त किया था। रेड के दौरान अधिकारियों को एक ड्रोन, आईईडी विस्फोटक और कई हथियार मिले थे। इसके बाद एनआईए ने 3 आतंकियों को भी गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के बाद अधिकारियों को पूरी साजिश के बारे में पता चला। बीते 2 नवंबर को एनआईए ने जब पुणे में आईएस का एक मॉड्यूल ध्वस्त किया तो एक ड्रोन, आईईडी और कई हथियार मिले थे। इसके बाद आतंकी मोहम्मद शाहनवाज आलम को गिरफ्तार किया था। आलम ने बताया कि उसने रिजवान अली, अब्दुल्ला शेख,




लियाकत खान के साथ चारों शहरों की रेकी की थी। एनआईए को जांच में यह भी पता चला कि जब विदेशी चैनलों से आतंकियों को फंडिंग नहीं मिल रही थी तो उन्होंने लूटपाट व डकैती की। आलम ने कई दुकानों व घरों में लूटपाट की थी। इस पैसे का प्रयोग हथियार व विस्फोटक बनाने का सामान जुटाने में किया। आलम इन घटनाओं के बाद जब एक मोटरसाइकिल चुराकर कहीं जा रहा था, तब पुलिस के हत्थे चढ़ा। एनआईए ने आलम की पहचान करने के लिए डीएनए टेस्ट का सहारा लिया था। तीनों आतंकियों ने आलम के बयान की पुष्टि की और बताया कि उनका चारों शहरों में हमला करने का प्लान था।

प्रदेश पाती

दैनिक सद्भावना पाती

इंदौर, रविवार 17 मार्च , 2024

## संक्षिप्त समाचार

### धूल के गुबार से वाहन चालक परेशान

**हरदा (निप्र)।** इंदौर-बैतूल मार्ग और छीपानेर रोड पर हवा के साथ धूल के गुबार नजर आ रहे हैं। इससे बाइक चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक चालक सौरभ बेनिवाल ने बताया सबसे ज्यादा परेशानी डंपर व ट्रकों के गुजरने के दौरान आती है। धूल के गुबार के कारण बाइक चलाना मुश्किल हो रहा है।

### लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी गठित

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल के निर्देशानुसार 140-उदयपुरा, 141-भोजपुर, 142-सांची तथा 143-सिलवानी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में पुलिस अधीक्षक रायसेन, जिला पंचायत सीईओ रायसेन, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक संचालक जनसम्पर्क, नोडल अधिकारी व्यय लेखा लोकसभा आम निर्वाचन-2024, अध्यक्ष आम आदमी पार्टी जिला रायसेन, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जिला रायसेन, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला रायसेन, अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी जिला रायसेन, सचिव कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) जिला रायसेन, अध्यक्ष नेशनल पीपुल्स पार्टी जिला रायसेन तथा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत नामांकन पश्चात निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को सदस्य बनाया गया है। स्टेण्डिंग कमेटी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 में आदर्श आचरण संहिता के निष्पादन, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराए जाने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

### होलिका दहन में लकड़ी का नहीं गौ काष्ठ का उपयोग करें

**रायसेन (निप्र)।** वन, पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों से होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग नहीं करते हुए गौ काष्ठ का उपयोग करने की अपील की है। श्री चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली पर्व का विशेष महत्व है। समाज के सभी वर्ग होली पर्व को मिल-जुलकर हर्षोल्लास से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग किया जाता है। वृक्षों की उपयोगिता पर्यावरण संतुलन तक सीमित नहीं है। जीवन देते हैं। करोड़ो जीव-जन्तुओं की रक्षा-सुरक्षा करते हैं। श्री चौहान ने कहा कि गुलाल के साथ मिल-जुलकर होली का पर्व मनायें। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं। वन, पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौ-काष्ठ का उपयोग करना पर्यावरण के लिए ज्यादा उचित है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण सुरक्षा और वनों का संरक्षण होगा। श्री अहिरवार ने कहा कि समय की आवश्यकता के अनुसार लकड़ी का कम से कम उपयोग किया जाये।

### निजी चिकित्सकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरदा (निप्र)।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए तकनीकी प्रशिक्षण शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील द्विवेदी ने डेंगू के लक्षण एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने सिरदर्द, बुखार, जोड़ो में दर्द वाले मरीजों की डेंगू की जाँच कराने एवं प्रोटोकॉल अनुसार उपचार दिए जाने पर चर्चा की। उन्होने सभी से क्षेत्र विशेष से वाहक जनित रोगों से संबंधित मरीज पाए जाने पर तत्काल अवगत कराने के लिये कहा ताकि उस क्षेत्र में बीमारी से बचाव के प्रभावी उपाय समन्वय के माध्यम से किए जा सके।

# आयोग के दिशा निर्देशो का बखूबी पालन करें- कलेक्टर वैद्य सेक्टर ऑफिसर

## निर्वाचन दायित्वों से अवगत हुए



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने आज जिले में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सेक्टर आफीसरो को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो दिशा निर्देश जारी किए जाते है उसका अक्षरशः बखूबी पालन करना हम सबका दायित्व है। कंपोजिट भवन के बेतवा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर ऑफिसर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा मौजूद रही। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि निर्वाचन के दौरान आत्म विश्वास में कहीं भी कमी परलिक्षित ना हो जो कमियां है उसे दूर किया जा सकता है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की चूक ना हो का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में सेक्टर आफीसर का दायित्व जिन अधिकारियों के द्वारा निभाया गया है उन ही अधिकारियों को उन ही सेक्टरो की जिम्मेवारी लोकसभा निर्वाचन के दौरान दी गई है। सेक्टर आफीसर का महत्वपूर्ण रोल होता है खासकर आपसी समन्वय स्थापित कर मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराना है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि निर्वाचन के दौरान ईव्हीएम मशीनो में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो इसके लिए प्रशिक्षण में मशीनो के संचालन की प्रायोगिक जानकारी बार-बार दोहराएं ताकि किसी भी स्थिति में मशीनो के संचालन में कोई भी मतदान दल कर्मी पीछे ना रह पाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री खासकर ईव्हीएम मशीनो के दौरान पूर्ण सुरक्षा बरती जाए ताकि परिवहन में किसी भी मशीन को क्षति ना पहुंचे।

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि निर्वाचन के दौरान आयोग के दिशा निर्देशो का पालन ही हम सबको करना है इसके लिए बकायदा आयोग द्वारा हर चीज लिखित में दी जाती है ताकि क्रियान्वयन करने वाले किसी भी प्रकार से भयभीत ना हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के मददे ना बने सेक्टर आफीसर सहित अन्य मतदानकर्मी निष्पक्ष होकर निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधी जो भी नए दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं वे सब आयोग की बेवसाईट पर अपलोड होते हैं अतः सभी सेक्टर ऑफिसर निर्वाचन संबंधी कार्यो में सशक्त होने के लिए आयोग के दिशा निर्देशों का बखूबी बारिकी से अध्ययन करें। कलेक्टर श्री वैद्य ने समस्त सेक्टर ऑफिसरों से कहा है कि जिन-जिन सेक्टरों के अंतर्गत मतदान केन्द्रों की जबावदेंही सौंपी गई हैं। उन सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से भ्रमण कर करें ताकि मतदान केन्द्र में आयोग की मंशा के अनुसार तमाम बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हुई है कि नहीं की रिपोर्ट स्थानीय रिटर्निंग ऑफिसर अर्थात एसडीएम को अनिवार्य रूप से सौंपे ताकि सुधार मरम्मत संबंधी कार्य समय पूर्व कराए जा सकें। मास्टर टेऊनर्सो द्वारा सेक्टर ऑफिसरों के लिए निर्वाचन संबंधी दायित्वों की बिन्दुवार जानकारी देते हुए उन सबको प्रशिक्षित किया है कि हम निर्वाचन संबंधी कार्यो को कैसे समय सीमा पूर्व पूरा करें। निर्वाचन के दौरान बरती जाने वाली सावधानी, मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले प्रबंधों के अलावा निर्वाचन से संबंधित अन्य दिशा-निर्देशों पर गहन प्रकाश उनके द्वारा डाला गया साथ ही सेक्टर ऑफिसरों की निर्वाचन संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान उनके द्वारा मौके पर किया गया है।



# उपार्जन केन्द्र में गुणवत्ता परीक्षण में राज्य सरकार के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें- कलेक्टर प्रवीण सिंह

**सीहोर (निप्र)।** जिले में 16 मार्च से रबी उपार्जन का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है । राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपार्जन की कार्यवाही संचालित करने के लिए गुणवत्ता जांच के लिए गठित जांच दल कर्मचारियां के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया । कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह द्वारा जिले के 162 खरीदी केंद्रों पर पंचायत सचिव, पटवारी एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारियों का जांच दल गठित किया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने गुणवत्ता जांच दल के कर्मचारियों से कहा कि गेहूं खरीदी में सरकार के मापदण्ड का पालन सुनिश्चित किया जाए ।

गुणवत्ता परीक्षण के समय इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि जिस गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है वह अच्छी गुणवत्ता का हो। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा खरीदा गया गेहूं ही अपने जिले एवं प्रदेश में हिग्राहियों शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाता है । कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी कहा कि फसल की गुणवत्ता के परीक्षण में कोई त्रुटि न हो ताकि कोई किसान फसल विक्रय से वंचित न हो जाए । उन्होंने सभी दल के सदस्यों से कहा कि पूरे समय उपार्जन केन्द्र में उपस्थित रहें तथा किसी समस्या के आने पर समिति स्तर पर ही निराकरण करें । गुणवत्ता जांच कर्मचारियों को एफसीआई के क्वालिटी कंट्रोलर श्री मनोज कुमार ढोके द्वारा दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान डीएम श्री सुशील पंडित सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# विधायक रीति पाठक ने सांसद अजयप्रताप सिंह के पार्टी त्यागने पर दिया बयान

- **सिंह ने राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ से स्वयं को वंचित कर लिया**
- **पार्टी ने उन्हें सांसद सहित विभिन्न पदों पर बैठाया - रीति पाठक**

भोपाल। अजयप्रताप सिंह का पार्टी छोड़ना दुखद है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी आज एक विशाल वटवृक्ष है, लेकिन जब भी कोई पत्ता टूटता है, तो उसका अहसास इस वृक्ष को होता है। भाजपा को उनके जाने का दुख है। उन्होंने किन परिस्थितियों में पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया, यह तो मैं नहीं बता सकती, लेकिन उनका यह निर्णय भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के अनुरूप नहीं है। यह बात भाजपा विधायक श्रीमती रीति पाठक ने राज्यसभा सांसद अजयप्रताप सिंह द्वारा पार्टी त्यागने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

### पार्टी ने उन्हें सब कुछ दिया

विधायक श्रीमती रीति पाठक ने कहा कि अजयप्रताप सिंह एक वरिष्ठ कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता रहे हैं। इतने सालों के उनके राजनीतिक जीवन में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें क्या-क्या नहीं दिया? युवा मोर्चा का प्रदेश महामंत्री बनाने के बाद उन्हें रचनात्मक प्रकल्प का संयोजक बनाया गया। उन्हें प्रदेश भाजपा का मंत्री और महामंत्री बनाया गया। दो-दो बार उन्हें विनिंग सीट से टिकट दिया गया। इसके बाद उन्हें राज्यसभा का सांसद बनाया गया। इन सबके अलावा पार्टी ने उन्हें सम्मान तो इतना दिया कि उन्हें भी कल्पना नहीं रही होगी। उन्हें किस बात का दुख हुआ है यह मैं समझ नहीं पा रही हूं। उनका इस्तीफा देना, या खुद को पार्टी से अलग करना यह बताता है कि कहीं न कहीं उनके मन में कोई व्यक्तिगत विषय या महत्वाकांक्षा रही होगी। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण के महायज्ञ से स्वयं को वंचित कर लिया उन्होंने कहा कि सिंह ने ऐसे समय पर पार्टी का छोड़ने का निर्णय लिया है, जब एक राष्ट्रवादी नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी राष्ट्र निर्माण और विश्व की मंगल कामना के लिए किए जा रहे महायज्ञ की ओर बढ़ रही है। अनेक दलों से लोग आकर भाजपा से जुड़ रहे हैं, मोदी का परिवार बनना चाह रहे हैं। ऐसे में अजयप्रताप सिंह जी ने अपने आपको इस महायज्ञ में आहुति डालने से वंचित कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज देश में एक मात्र भारतीय जनता पार्टी आदर्श दल बनकर उभरी है। उसका नेतृत्व आदर्श बनकर उभरा है। देश में बड़े-बड़े काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी बहनों को गैस कनेक्शन दे रहे हैं, धारा 370 और 35 ए हटाने जैसे काम हो रहे हैं, एक राष्ट्र और एक चुनाव की बात हो रही हो, ऐसे महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी समय में अगर कोई अपनी इच्छापूर्ति न हो पाने के कारण पार्टी छोड़ दे, ऐसे नेतृत्व का साथ छोड़ दे, जिसने भारतमाता की सेवा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया हो, तो यह निश्चित रूप से प्रश्न खड़े करता है।

# लोकसभा निर्वाचन के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न




**हरदा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आदित्य सिंह ने शुक्रवार को नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित लोक सभा निर्वाचन के सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि लोकसभा निर्वाचन के लिये नोडल अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियां कर लें। उन्होने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, मतदाताओं के लिये शेड, विद्युत व रैम्प जैसी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों का एक बार फिर से भौतिक सत्यापन कर लें तथा मतदान केन्द्रों के पहुँच मार्ग भी देख लें। उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित होते ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो जाएगी, अतः जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का पालन भी तत्काल ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि मतदान दलों तथा ईवीएम को लाने ले जाने वाले वाहनों पर जी.पी.एस. सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि मतदान दलों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम तैयार कर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि लोक सभा निर्वाचन संबंधी कंट्रोल रूम का संचालन प्रारम्भ कर दिया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि मतदान दलों में कोई भी सेवा निवृत्त या स्थानांतरित कर्मचारी की ड्यूटी न लगे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होने एक-एक नोडल अधिकारी से चर्चा कर लोक सभा निर्वाचन के लिये अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शिवपुरी विधानसभा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया

## आपका विश्वास, मेरा प्रयास और साथ में मिलकर करेंगे गुना-शिवपुरी का चौगुना विकास - ज्योतिरादित्य सिंधिया

शिवपुरी। सिंधिया परिवार और आप सबके बीच में हृदय का संबंध है। हम एक दूसरे के लिए मर मिटने के लिए भी तैयार रहते हैं। मैं अपना सौभाग्य मानता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाष नड्डा व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुना, शिवपुरी और अशोकनगर क्षेत्र की जनता और क्षेत्र के विकास के लिए पुनः मौका दिया है। यह क्षेत्र मेरा दिल का टुकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साथ सबका विकास, आपका विश्वास, मेरे प्रयास से मिलकर क्षेत्र का चौगुना विकास करेंगे। यह बात केन्द्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को शिवपुरी चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने जनता से कहा कि खेत में



बीज बोया, खाद, पानी दिया आज उसी किसान के आर्शीवाद से मेहनत से फसल उगी और वह फसल उस खेत को छोड़कर कैसे कहीं जा सकती है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए आंदोलन किया और उन्होंने अपना बलिदान तक दे दिया। इसलिए हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। जनता के आर्षिवाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम देष में 370 संसद जीते इस लक्ष्य को हम अपने पोलिंग बूथ से शुरूआत करेंगे। कैसे 370 वोट हम पार्टी के पक्ष में बढ़ाएंगे उस दिषा पर कार्य करना है। प्रधानमंत्री ने जो टारगेट हमें दिया है उसे हमें अपने विधानसभा, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ को मजबूत बनाकर रिकॉर्ड बनाना है।

सिंधिया ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर शायद कोई व्यक्ति बचा हो जो भारतीय जनता पार्टी का लाभार्थी न हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि वह आज से ही चुनाव में लग जाएं। सभी समाजों को इकट्ठा करें, एक-एक लाभार्थी से संपर्क करें। सिंधिया ने कार्यकर्ताओं को फिर एक बार मोदी सरकार, बूथ जीता चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजू बाथम, विधायक देवेंद्र जैन, लोकसभा सह संयोजक सुरेंद्र शर्मा, केशव सिंह तोमर, पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक, नरेंद्र बिरथरे, श्रीमती शकुंतला खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवागत कलेक्टर पत्रकारो से रू-ब-रू हुए



## उपार्जन व निर्वाचन सहित अन्य कार्यो पर विशेष जोर

**विदिशा (निप्र)।** नवागत कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने आज मीडियाकर्मियों से परिचयात्मक वार्तालाप में कहा कि विदिशा जिला गेंहू के उपार्जन मामलो में प्रदेश के टॉप फाइव जिलो में शामिल रहता है। मेरी प्राथमिकता होंगी कि विदिशा जिले में किसी भी प्रकार के संकटो की स्थिति निर्मित ना हो। उन्होंने हरेक समाधान के लिए आमजनों के बीच विश्वास की नींव रखने को ओतप्रेत करते हुए कहा कि सूचना तंत्र हमें अनेक संकटो के आने से पहले सूचित कर देता है। इस कार्य में हमारे मीडियाबंधुओं की भी महती भूमिका है। जिले का विकास सबके सहयोग से हो। कोई भी अपनी समस्याओं के निदान हेतु भटके ना। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि संवादहीनता के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है अतः किसी भी स्तर पर ऐसी स्थिति निर्मित ना हो का आपसी समन्वय से समाधान किया जाएगा। उन्होंने पूर्व स्थापना जिले में चुनाव के दौरान किए गए नवाचार को रेखांकित करते हुए कहा कि इस कार्य को विदिशा जिले में सभी के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत मतदान होना अपने आप में महत्वपूर्ण कार्य है ओर इस कार्य में मीडियाबंधुओं के द्वारा भी हर स्तर पर सहयोग किया गया बल्कि चार मतदान केन्द्र मीडियाकर्मियों ने गोद लिए थे इसी प्रकार की अपेक्षा उन्होंने विदिशा के मीडियाकर्मियों से अभिव्यक्त की है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि डिलेवरी सिस्टम में सुधार हो, जनसुनवाई के प्रति विश्वास और बढे के लिए क्रास मानिटरिंग की व्यवस्था क्रियान्वित की जाएगी और जिनके द्वारा इन कार्यो में लापरवाही बरती जाएगी उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मीडियाबंधुओं के जनहितैषी सुझावो पर अमल करने पर बल दिया। कलेक्टेऊट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित मीडिया परिचयात्मक वार्तालाप के शुभांरभ में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा के अलावा प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्षेत्र में कार्यरत मीडियाकर्मियों ने उपस्थित होकर जनहितैषी सुझावो से अवगत कराया।

# जिला अस्पताल में क्लब फुट जागरूकता शिविर आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** जिला अस्पताल में आरबीएसके द्वारा अनुष्का फाउंडेशन एवं क्योर फाउंडेशन के सहयोग से विश्व जन्मजात विकृति माह के अंतर्गत क्लब फुट जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरिओम गुप्ता ने बताया कि क्लब फुट एक जन्म दोष है और जिसका उपचार संभव है । क्लब फुट जन्म के समय मौजूद एक संचारात्मक परिवर्तन है जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता हैं । महीने के हर शुक्रवार को जिला अस्पताल के डीईआईसी केंद्र में क्लब फुट का उपचार किया जाता है । इसमें अनुष्का फाउंडेशन एवं क्योर फाउंडेशन द्वारा बच्चों को विशेष प्रकार के जूते निशुल्क दिए जाते हैं । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर सुधीर कुमार डहेरिया, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीर गुप्ता, डीईआईसी मैनेजर उपस्थित रहे ।



## युवतियों ने नशे में मचाया उत्पात

इंदौर। बाणगंगा थाना अन्तर्गत वृंदावन कॉलोनी में शुक्रवार रात नशे में धूत लड़कियों ने उत्पात मचाया। नशे में गाड़ियों पर गुस्सा निकाला और क़रीब आधा दर्जन गाड़ियौन में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना से रहवासियों में घटना आक्रोश है।पार्षद दीपू यादव के मुताबिक़, यह घटना भोलेनाथ मंदिर के पास वृंदावन कालोनी में रात करीब 2 बजे की है। घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के कांच कुछ नशेड़ी लड़कियों ने फोड़ डालें। आरोप है कि लड़कियां नशे का कारोबार करती है। उनकी शिकायत करते हैं तो इसी तरह का उत्पात मचाती है। फिलहाल पुलिस का कहना है मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## हुकुमचंद मिल परियोजना संबंधी समझौते पर लगेगी मुहर

**इंदौर।** महापौर परिषद की बैठक कल शनिवार सुबह निगम मुख्यालय पर होगी। बैठक में हुकमचंद मिल की जमीन पर परियोजना क्रियान्वयन के लिए हाउसिंग बोर्ड से होने वाले समझौता पत्र (एमओयू) को लेकर चर्चा की जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि बैठक में एमओयू के मसौदे पर मुहर लग जाएगी। उल्लेखनीय है कि हुकमचंद मिल की 42.5 एकड़ जमीन पर नगर निगम और हाउसिंग बोर्ड के बीच संयुक्त रूप से आवासीय और व्यावसायिक परियोजना लाने को लेकर सहमति बनी है। हाउसिंग बोर्ड सहमति के बाद मिल के मजदूरों के लिए 217 करोड़ 85 लाख रुपये परिसमापक के खाते में जमा करवा भी चुका है। अब मिल की जमीन पर संयुक्त रूप से लाई जाने वाली परियोजना क्रियान्वयन को लेकर चर्चा होना है।लाभ का पचास प्रतिशत निगम को मिलेगा संयुक्त रूप से लाई जा रही इस परियोजना में पैसा हाउसिंग बोर्ड लगाएगा, जबकि जमीन नगर निगम की होगी। इस परियोजना के लाभ में नगर निगम की पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी रहेगी।

## एमओजी लाइन में रिडेंसीफिकेशन के प्रोजेक्ट के साथ ही लैंड पार्सल भी तैयार, निकाले जाएंगें बिक्री के टेंडर

**इंदौर।** एमओजी लाइन में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत हो रहा काम में रिडेंसीफिकेशन के प्रोजेक्ट के साथ ही कुछ लैंड पार्सल भी तैयार किए गए हैं, जिनकी बिक्री के टेंडर निकाले जाएंगें। अभी स्मार्ट सिटी ने दो बड़े आवासीय और व्यवसायिक प्लॉट के टेंडर जारी किए हैं, जिनका आरक्षित मूल्य 80 करोड़ रुपए से अधिक रखा गया है। पिछले दिनों 56 करोड़ रुपए मूल्य के दो प्लॉट के टेंडर मंजूर भी किए गए थे। अभी जो टेंडर स्मार्ट सिटी डवलपमेंट लिमिटेड ने जारी किए हैं, उसमें एक व्यावसायिक भूखंड ब्लॉक नं. 4 और एक आवासीय भूखंड ब्लॉक नं. 5 के लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल रखी गई है। एमओजी लाइन क्षेत्र में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कई कार्य किए जा रहे हैं। प्लॉट नं. 3 और 11 को भी बेचा गया, जिसमें प्लॉट नं. 3 के लिए 30.35 करोड़ और प्लॉट नं. 11 के लिए 26 करोड़ का प्रस्ताव मिला था। इसमें से एक प्लॉट 1800 और दूसरा 2088 वर्गमीटर क्षेत्रफल का है। स्मार्ट सिटी कम्पनी ने लगभग 14 इस तरह के लैंड पार्सल तैयार किए हैं और रीडवपमेंट के साथ रीडेंसीफिकेशन पॉलिसी को भी अमल में लाया जा रहा है। अब आज ही इंदौर स्मार्ट सिटी डवलपमेंट लिमिटेड ने दो और लैंड पार्सल यानी ब्लॉक के टेंडर जारी किए हैं, जो कि मिक्स्ड यूज हाईराइज बिल्डिंगों के लिए उपयोग किए जा सकते हैं। इसके लिए बिल्डर-डवलपर द्वारा ऑनलाइन टेंडर भरे जाएंगे। ब्लॉक नं. 4 का भू-उपयोग व्यवसायिक है, जिसमें ग्राउंड कवरेज 1524 स्क्वेयर मीटर और बिल्टअप एरिया 8208 स्क्वेयर मीटर तक मिलेगा और इस भूखंड का आरक्षित मूल्य 25 करोड़ 68 लाख रुपए न्यूनतम तय किया है। इससे अधिक की राशि के ही टेंडर टेंडर को मंजूरी मिलेगी। इसी तरह ब्लॉक नंबर 5 का भू-उपयोग आवासीय है। इसमें ग्राउंड कवरेज 3036 स्क्वेयर मीटर और बिल्टअप एरिया 21860 स्क्वेयर मीटर तक मान्य रहेगा। इसके लिए 54 करोड़ 70 लाख रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया गया है। इन दोनों बड़े भूखंडों के ऑनलाइन टेंडर खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो कि 15 अप्रैल तक जारी रहेगी और उसी दिन शाम साढ़े 5 बजे तक ये टेंडर जारी किए सकेंगे। टेक्रिकल बीड 16 अप्रैल को साढ़े 5 बजे तक ही खोली जाएगी और उसके पूर्व तीन अप्रैल को दोपहर 3 बजे प्री-बीड मीटिंग भी आयोजित की गई है। इसी के साथ इंदौर स्मार्ट सिटी 45 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर 45 मीटर चौड़ी सीमेंट कांक्रीट रोड एमआर-6 भी निर्मित करवाई, जो कि महू नाका से समाजवादी इंदिरा नगर तक बनना है और उसके साथ ही 18 मीटर चौड़ा कुक्कुट भवन से लक्ष्मणसिंह गौड़ रोड का निर्माण भी होगा।

**मेयर इन काउंसिल की बैठक में दिए गए निर्देश**

# अवैध कॉलोनाइजर के विरूद्ध होगी सख्त कार्यवाही, इंदौर के मास्टर प्लान हेतु शीघ्र तैयार होगा ड्राफ्ट तैयार

- हुकुमचंद मिल की भूमि पर परियोजना क्रियान्वयन के लिए एमओयू के लिये दी सैद्धांतिक सहमति
- इंदौर शहर की जलापूर्ति के लिये अमृत 2 योजनांतर्गत नर्मदा का चौथा चरण
- शहर में जल संरक्षण व जलापूर्ति हेतु चलाएगे अभियान

इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में महापौर सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, निरंजनसिंह चौहान, अभिषेक शर्मा, जीतु यादव, राकेश जैन, नंदकिशोर पहाडिया, मनीष शर्मा, समस्त अपर आयुक्त, समस्त विभाग प्रमुख व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मुख्यमंत्री के प्रयास से इंदौर स्थित हुकुमचंद मिल के मजदूरों को हक दिलाने के लिये किये गये कार्यो के परिणाम स्वरूप हुकुमचंद मिल की भूमि पर परियोजना क्रियान्वयन के लिए एमपी हाउसिंग बोर्ड के साथ एमओयू के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

महापौर भार्गव ने कहा इंदौर शहर की वर्ष 2050-55 की अनुमानित जनसंख्या 70 लाख होने को दृष्टिगत रखते हुए, शहर में पर्याप्त जलप्रदाय व्यवस्था के उद्देश्य से इंदौर में नर्मदा के चौथे चरण को लाने के लिये हमारी परिषद ने संकल्प लिया था, इसके लिये हमारी परिषद प्रतिबद्ध थी, जिसके परिणाम स्वरूप इसकी शुरुआत करते हुए, नर्मदा के चौथे चरण में 400 एमएलडी पानी की उपलब्ध हेतु अमृत 2 के लिये निविदा आमंत्रित की गई है। नर्मदा के चौथे चरण में जलूद से इंदौर तक जल प्रदाय लाईन, पंपिंग स्टेशन, ट्रीटमेंट स्टेशन, शहर में जलप्रदाय लाइन आदि सम्मिलित है, उपरोक्त कार्य में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के सहयोग के साथ ही नगर निगम इंदौर द्वारा भी व्यय का वहन किया जावेगा। इसके साथ ही आगामी ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए, शहर में सुचारू जलापूर्ति हो इसके संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही शहर में स्थित कुएं-बावड़ी व तालाबों में जल संरक्षण हेतु अभियान चलाने के भी निर्देश दिये गये।

महापौर भार्गव ने कहा कि विगत दिवस मान. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में भोपाल में इंदौर शहर के समग्र विकास के लिये बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें इंदौर शहर के मास्टर प्लान पर चर्चा करते हुए, इंदौर शहर के समग्र विकास, यातायात व्यवस्था पर भी समीक्षा की गई।

उन्होने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री की उपस्थिति में इंदौर के मास्टर प्लान के लिये ड्राफ्ट प्लान तैयार करने के संबंध में संबंधितो को निर्देशित किया गया। महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर शहर में अवैध कॉलोनाइजर के विरूद्ध बडे स्तर पर अभियान चलाकर अवैध रूप से कॉलोनी काटने पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग, 173 यात्री थे सवार, बड़ा हादसा टला

**इंदौर।** इंदौर से रायपुर जा रहे 173 यात्रियों वाले विमान के साथ शुक्रवार शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विमान के उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद इसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते विमान को वापस इंदौर लाया गया और यहां उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इस दौरान विमान या किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ। बाद में यात्रियों को दूसरे विमान से रायपुर भेजा गया। इसके कारण मुंबई की फ्लाइट को कैंसल किया गया।

जानकारी के मुताबिक इंडिगो एयर लाइंस की उड़ान (6ई-813) शाम 4.30 बजे गोवा से इंदौर आकर 5 बजे रायपुर जाती है। शुक्रवार विमान तय समय पर इंदौर आया। 175 यात्रियों के सवार होने के बाद 5.14 बजे विमान से इंदौर से रायपुर के लिए उड़ान भी भरी।

विमान इंदौर से बागली की ओर करीब 50 किलोमीटर दूरी तक ही पहुंचा था कि पायलट को विमान में तकनीकी खराबी के संकेत मिले। इस पर पायलट ने तुरंत इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क करते हुए विमान को वापस लाने और इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। एटीसी द्वारा तुरंत अनुमति देने पर विमान को वापस इंदौर लाया गया। इस बीच इंदौर एयरपोर्ट पर सूचना के आधार पर इमरजेंसी घोषित की गई। रनवे के आसपास फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस सहित रेस्क्यू वाहन और टीम तैनात थी। आधे घंटे बाद पायलट ने सूझबूझ से विमान की सफल लैंडिंग करवाई। घटना की जानकारी यात्रियों को दिए जाने पर वे घबरा गए थे। लैंड होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

अधिकारियों ने बताया कि खराब हुए विमान के सुधार के लिए दिल्ली और मुंबई से पार्ट्स और इंजीनियर्स भी बुलवाए गए हैं। बताया जा रहा है कि विमान के दाएं इंजन में खराबी आई है। वहीं इस विमान के उतरने के बाद यात्रियों को इससे उतारकर टर्मिनल में लाया गया। बाद में रात 8 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट को कैंसल करते हुए इस विमान से यात्रियों को रायपुर भेजा गया। वहीं मुंबई की इस फ्लाइट के यात्रियों को रात 11 बजे जाने वाली फ्लाइट में एडजस्ट किया गया। कुछ यात्रियों को रिफंड और रिबुकिंग भी दी गई।

# नए निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**-राजशाही जीटीएस, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य एवं राजवाड़ा का किया निरीक्षण**

- सफाई व्यवस्था की प्रशंसा के साथ स्वच्छता को बनाए रखने के लिए दिए निर्देश
- स्वच्छता का कार्य चुनौती पूर्ण है - आयुक्त

इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा पदभार ग्रहण करने के 1 दिन बाद ही प्रातः 7ः00 से शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, अधीक्षक यंत्री डी आर लोधी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा सर्वप्रथम होटल राजशाही के पास स्थित जीटीएस का अवलोकन किया गया, आयुक्त द्वारा जीटीएस में किस प्रकार से कचरा लाया जाता है और उसका निपटान किस प्रकार किया जाता है इस संबंध में जानकारी ली गई। इस पर अपर आयुक्त सिद्धांत जैन द्वारा बताया गया कि शहर के कई स्थानों पर जीटीएस का निर्माण किया गया है। जहां पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से अलग-अलग किया हुआ कचरा उक्त क्षेत्र के जीटीएस पर लाया जाता है। यहां से कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित प्लांट पर आगामी प्रोसेसिंग के लिए भेजा जाता है।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों एवं निगम के अन्य वाहनों के संधारण कार्य के संबंध में भी जानकारी ली गई, इस पर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि निगम का एक मुख्य वर्कशॉप है जहां पर निगम वाहनों का संधारण कार्य किया जाता है, इसके साथ ही अगर किसी क्षेत्र में किसी वाहन के पंचर एवं खराब होने पर तत्काल वर्कशॉप के माध्यम से मौका स्थल पर ही सुधार कार्य किया जाता है और अगर वाहन में कोई बड़ा सुधार का काम होता है तो उसे वर्कशॉप लाया जाता है। इसके साथ ही शहर के समस्त जीटीएस पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन की सफाई एवं धुलाई का कार्य किया जाता है।

इसके पश्चात आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा कंचन बाग, नाथ मंदिर क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन का अवलोकन किया गया। कचरा संग्रहण वाहन चालक से कार्य के विषय में जानकारी ली गई। साथ ही कचरा सेग्रीगेशन किया हुआ आता है या नहीं इस बारे में जानकारी ली गई।

इसके साथ ही आयुक्त द्वारा क्षेत्रीय सीएसआई से झोन क्षेत्र, कितने वार्ड कर करते हैं कौन-कौन सा एरिया झोन में आता है के संबंध में जानकारी लेते हुए सफाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन का भी अवलोकन किया गया, वाहन में कितने प्रकार का कचरा एकत्रित किया जाता है और किस प्रकार से इसका निपटान किया जाता है इस संबंध में भी जानकारी ली गई। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा नाथ मंदिर रोड होते हुए, हाई कोर्ट चौराहा, रीगल चौराहा, शास्त्री ब्रिज, पालिका प्लाजा, महारानी रोड, कृष्णपुरा छत्री, राजवाड़ा एवं अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा राजवाड़ा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था अच्छी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों से कार्य के संबंध में प्रशंसा की गई। आयुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था का कार्य एक चुनौती पूर्ण भरा है और इसे बनाए रखना उसे भी बड़ा कार्य है।

# आचार संहिता लागू होने के पहले ही टीएंडसीपी ने टीडीआर से संबंधित नोटिफिकेशन ताबड़तोड़ जारी किये

**इंदौर।** सम्पूर्ण निगम क्षेत्र को टीडीआर के लिए रीसिविंग एरिया घोषित करते हुए दावे-आपत्तियां बुलवाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 281 वर्ग किलोमीटर यानी लगभग 70 हजार एकड़ में 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सभी सड़कों को टीडीआर के लिए जनरेटिंग एरिया घोषित किया है, तो 24 मीटर या उससे अधिक की सडक़ों की गहराई तक के क्षेत्र में आने वाली जमीनों को रीसिविंग एरिया के रूप में मान्य किया गया है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होने के पहले ही संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश (टीएंडसीपी) ने टीडीआर से संबंधित नोटिफिकेशन ताबड़तोड़ जारी कर दिए। इंदौर के साथ-साथ उज्जैन के लिए भी यही प्रक्रिया अपनाई गई है।

टीडीआर पॉलिसी को अमल में लाने के लिए काफी समय से कवायद चल रही है। हालांकि अभी भी रीसिविंग एरिया में टीडीआर सर्टिफिकेट का बेहतर इस्तेमाल हो सके उसके लिए ग्राउंड कवरेज 50 फीसदी और फिक्स एमओएस के साथ मैकेनाइज्ड पार्किंग की अनुमति जैसे कुछ प्रावधानों में संशोधन शेष हैं। इन संशोधनों के बिना अतिरिक्त एफएआर के लिए कोई भी टीडीआर सर्टिफिकेट नहीं खरीदती है, क्योंकि अभी इन प्रावधानों के चलते मास्टर प्लान में मान्य दो एफएआर का भी पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पाता है। अभी नगर तथा ग्राम निवेश ने टीडीआर सर्टिफिकेट के बदले मास्टर प्लान में जो निर्धारित एफएआर है उसके अलावा आधा एफएआर और अतिरिक्त इस्तेमाल करने देने का निर्णय लिया है।

इसका अर्थ यह हुआ कि आज अगर इंदौर के मास्टर प्लान में आवासीय जमीनों पर सवा और डेढ़ एफएआर मिलता है, तो अब उसके अलावा आधा एफएआर और टीडीआर सर्टिफिकेट के जरिए खरीदकर इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसी तरह व्यवसायिक जमीनों पर दो एफएआर मिलता है, तो वहां पर भी आधा एफएआर और अतिरिक्त टीडीआर के जरिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। शहर में बीआरटीएस कॉरिडोर से लेकर नगर निगम ने मध्य क्षेत्र में मास्टर प्लान की कई सडक़ों को चौड़ा किया है और बड़े पैमाने पर मकानों और दुकानों को तोड़ा गया और बदले में किसी को भी नकद मुआवजा नहीं दिया और सिर्फ टीडीआर सर्टिफिकेट जारी किए हैं। अब इन सर्टिफिकेट को बिल्डर-कालोनाइजरों या अन्य लोगों को घोषित किए गए रिसीविंग एरिया के लिए बेचा जा सकेगा। नगर तथा ग्राम निवेश ने टीडीआर पॉलिसी को लागू करने के लिए जनरेटिंग और रिसीविंग एरिया को लेकर ताबड़तोड़ नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

## विरोध में किसान खुड़ैल तहसील मुख्यालय पर देंगे धरना

इंदौर। इंदौर पूर्वी-पश्चिमी रिंग रोड और इंदौर-बुधनी रेल लाइन के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का किसान लगातार विरोध कर रहे है। किसान बाजार भाव का दोगुना मुआवजा मांग रहे हैं। अब किसान 23 मार्च से खुड़ैल तहसील कार्यालय पर धरना और भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वही इंदौर से लेकर बुधनी तक किसान जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे है।पूर्वी और पश्चिमी रिंग रोड से प्रभावित किसान 23 मार्च से तहसील मुख्यालय खुडेल पर अनिश्चितकालीन धरना एवं भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन, बैतूल कर्णावत इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पीथमपुर लॉजिस्टिक पार्क के प्रभावित किसानों ने भी दिए इसमें अपना समर्थन दिया है। एक दिन पहले प्रभावित किसानों ने चापड़ा में रैली निकालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। बिजवाड़ चौराहे पर किसान एक महीने से लगातार प्रदर्शन कर रहे है।किसान नेता हंसराज मंडलोई एवं महेश पटेल ने बताया कि आउटर रिंग रोड इंदौर के प्रभावित किसान 23 मार्च से इंदौर जिले की खूडेल तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन पर बैठेंगे। अपनी जमीन को बचाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार को घेरेंगे। हंसराज मंडलोई एवं आउटर रिंग रोड के प्रभावित किसान कृष्णकांत पटेल एवं आनंदीलाल भुचाला ने कहा कि आउटर रिंग रोड योजना किसानों को बर्बाद कर देगी, क्योंकि यह योजना सिर्फ भू माफिया एवं उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। अवैध कॉलोनाइजर और बड़े नेताओं ने अपनी जमीन को बचाने के लिए या अपनी जमीन को रोड से जोड़ने के लिए आउटर रिंग रोड को अपने हिसाब से इधर-उधर घुमाया है। किसान नेताओं ने पूरी आउटर रिंग रोड योजना को रद्द करने की मांग करते हुए विधायक, मंत्री एवं सांसद से मुलाकात भी की थी। धरना प्रदर्शन के लिए इंदौर, देवास, सीहोर, धार, उज्जैन सहित सभी क्षेत्र के प्रभावित गांव में अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं।

# रेडिसन व राजीव गांधी चौराहा पर भी अब बनेगा फ्लाईओवर

**कुछ सालों में पूरी तरह से सिग्नल मुक्त हो जाएगा रिंग रोड**

इंदौर। शहर में यातायात की सुगमता के लिए प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर के निर्माण के बाद आगामी कुछ सालों में रिंग रोड पूरी तरह से सिग्नल मुक्त हो जाएगा। मूसाखेड़ी, आईटी पार्क व देवास नाका चौराहा पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होने वाला है। वहीं रेडिसन व राजीव गांधी चौराहा पर भी अब फ्लाईओवर बनेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने फ्लाईओवर का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। इस चौराहा पर वाहनों का सर्वाधिक दबाव रहता है। भारी वाहनों के साथ ही उज्जैन रोड से आने वाले वाहन भी सर्वाधिक रहते है।

देवास नाका से राजीव गांधी चौराहा तक 15 किमी लंबी रिंग रोड को सिग्नल मुक्त करने की कवायद की जा रही है। इंदौर के बाहरी क्षेत्रों में विकसित हो रही कालोनियों के कारण रिंग रोड पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। एबी रोड के विकल्प के तौर पर भी रिंग रोड का उपयोग वाहन चालक अधिक करने लगे हैं। रिंग रोड पर पर दस चौराहे हैं। इसमें से तीन इमली चौराहा, पिपल्याहाना और बंगाली चौराहा पर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो चुका है।

खजराना चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण जारी है। अब रेडिसन चौराहे पर भी फ्लाईओवर बनाने की कवायद की जा रही है। सड़क विकास निगम द्वारा रिंग रोड के तीन चौराहों पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू किया जा रहा है। आइटी पार्क, मूसाखेड़ी और देवास नाका चौराहा पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होने जा रहा है। आने वाले दो साल में तीनों चौराहों पर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बाम्बे हास्पिटल और रोबोट चौराहा ही बिना फ्लाईओवर के रिंग रोड पर रहेंगे।

राजीव गांधी चौराहा पर भी फ्लाईओवर निर्माण का सर्वे किया जा रहा है। राऊ के विधायक मधु वर्मा के पत्र के बाद आइडीए की बोर्ड बैठक में इसके सर्वे पर सहमति बनी थी। आइडीए सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेगा। हालांकि अभी तय नहीं है कि इसका निर्माण किससे कराया जाएगा।

**क्या स्थिति**

- 15 किमी लंबाई
- 10 चौराहा रिंग रोड पर
- 03 चौराहों पर फ्लाईओवर बने
- 01 पर निर्माण कार्य जारी
- 03 चौराहों पर फ्लाईओवर का काम होगा शुरू
- 02 चौराहों के लिए सर्वे

# जीतू पटवारी की साख दांव पर

इंदौर। लोकसभा चुनाव के महासमर में इंदौर से लोकसभा प्रत्याशी का नाम घोषित कर भाजपा चुनावी दौड़ में अब तक आगे है। कांग्रेस में नजारा बीते चुनाव से बिल्कुल अलग है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह क्षेत्र होते हुए भी टिकट तो दूर, दावेदारों के नाम तक हवा में नहीं तैर रहे। लगातार दलबदल और टूटते संगठन के बीच प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के लिए यह चुनौती है कि इंदौर लोकसभा क्षेत्र से किसी अच्छे उम्मीदवार का नाम घोषित करवा सकें। उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार यानी 19 मार्च को कांग्रेस इंदौर का टिकट घोषित कर सकती है।दो सप्ताह में इंदौर लोकसभा क्षेत्र से दो-तीन पूर्व विधायकों के साथ तमाम कांग्रेसी पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए कद्दावर उम्मीदवार को मैदान में उतारना और हतोत्साहित कार्यकर्ताओं में जोश जगाना भी बड़ी चुनौती है। कई कार्यकर्ता और नेता भी खुद पटवारी के इंदौर से चुनाव लड़ने की मांग कर चुके हैं। कांग्रेस ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। 18 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान की बैठक होना है। बैठक में उम्मीदवारों की अगली सूची पर मोहर लगेगी।

इसी क्रम में इंदौर का नाम भी तय हो सकता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस बढ़े नाम के बजाय किसी युवा और नए नाम की तलाश में जुटी है। इंदौर से किसी महिला उम्मीदवार का नाम भी तय किया जा सकता है। दरअसल भाजपा की ओर से पहले कयास लगाए गए थे कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को अमल करने की दिशा में मप्र में 9 से 10 सीटों पर महिला उम्मीदवार दिए जा सकते हैं। उसमें इंदौर के भी होने की उम्मीद थी। हालांकि भाजपा ने महिला उम्मीदवार नहीं दिया ऐसे में कांग्रेस अब इस दिशा में आगे बढ़ सकती है। दरअसल कई पुराने चेहरे जो बीते वर्षों में चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने इंदौर से उम्मीदवार बनने से ही इन्कार कर दिया है।

**पटवारी बोले- पार्टी का आदेश मानूंगा**

इंदौर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के नाम की घोषणा अगली सूची में होगी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि बिल्कुल उम्मीद है कि जल्द ही टिकट तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी जो समर्पित कार्यकर्ता हो और लोगों के बीच सक्रिय भी हो। खुद के चुनाव लड़ने के सवाल पर पटवारी ने कहा कि पार्टी का जो आदेश होगा उसे मैं मानूंगा ही। जहां जरूरत होगी, पार्टी के लिए खड़ा हूं।

## लोक निर्माण की सडक़ें इंदौर नगर निगम को मिलेंगी

इंदौर। इंदौर से जुड़े 27 से अधिक महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों पर महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय में हुई। नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में हुई इस बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर और विधायक सहित प्रमुख सचिव व कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इंदौर के प्रस्तावित मास्टर प्लान के प्रारुप के प्रकाशन को जून-24 तक पूरा करने का निर्णय भी लिया गया। तब तक लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया भी सम्पन्न हो जाएगी। वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर में जिन सडक़ों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें निगम को हस्तांतरित भी किया जाएगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि इंदौर शहर के सुनियोजित विकास के लिये सभी निर्माण एजेंसियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने शहर के सभी विकास कार्यों को टाइम-फ्रेम में पूरा किये जाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर जल-संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मेयर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला और राकेश गोलू शुक्ला भी मौजूद थे। नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर के तेजी से विकास के लिये टीडीआर काउंसिल बनाई जा सकती है। इसमें नगर निगम और नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों को शामिल किया जा सकता है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि शहर के विकास के साथ व्यवस्थित ट्रेफिक होना भी जरूरी है। इसके लिये ट्रेफिक मैनेजमेंट प्लॉन बनाने के लिये अनुभवी कम्पनी को हायर किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ देने के साथ इंदौर शहर में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिये संजीवनी क्लीनिक के विस्तार पर भी जोर दिया। जल-संसाधन मंत्री सिलावट ने इंदौर स्टेडियम के उन्नयन के साथ अहिल्या देवी के जीवन पर केन्द्रित कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। मेयर इंदौर भार्गव ने शहरी योजनाओं में भूमि अधिग्रहण के मामले में उपयोगी सुझाव दिये। बैठक में इंदौर के मास्टर प्लॉन पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इंदौर के मास्टर प्लॉन का ड्रॉफ्ट जून-2024 तक पूरा कर लिया जायेगा। इंदौर को वर्ल्ड क्लॉस सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। स्वच्छतम शहर की निरंतरता को रखते हुए शहर का विकास किया जायेगा।

# संपादकीय

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में पारदर्शिता का तकाजा

देश में आम चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं रह गए हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह तैयार करने की अनिवार्यता को समझा जा सकता है। मगर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति जिस तरह एक औपचारिक रिवायत की तरह पूरी भर कर ली जाती है, उसमें इस संस्था को लेकर कई बार नाहक एक भ्रम पैदा हो जाता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति ने दो नए चुनाव आयुक्तों के नाम तय कर दिए हैं। इसके तहत ज्ञानेश कुमार और बलविंदर संधू नए चुनाव आयुक्त होंगे। गौरतलब है कि एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में सेवानिवृत्त हो गए थे और दूसरे अरुण गोयल ने हाल ही में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

नियमों के मुताबिक चुनाव आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। कहा जा सकता है कि नए कानून के तहत ये पहली नियुक्तियां होंगी। इससे पहले सरकार की सिफारिश के मुताबिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होती थी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिहाज से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक जरूरी कदम है। मगर इस क्रम में पिछले कुछ समय से जिस तरह के विवाद उठते रहे हैं, उससे देश की इस सबसे भरोसेमंद मानी जाने वाली संस्था की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ आशंकाएं उभरी हैं। इस बार भी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सिर्फ एक रात पहले उन्हें दो सौ बारह नामों की सूची दी गई। फिर इससे संबंधित बैठक शुरू होने के महज दस मिनट पहले सरकार की ओर से




उनके पास छह नाम भेजे गए; इतने कम समय में सूचीबद्ध किए गए लोगों की ईमानदारी और तजुर्बे की जांच करना असंभव है। उन्होंने इस प्रक्रिया का विरोध करते हुए समिति में प्रधान न्यायाधीश को भी रखने की बात कही।

अगर विपक्ष के नेता का आरोप सही है तो इसका मतलब यह है कि सरकार की ओर से शायद चुने गए नामों को लेकर आखिरी समय तक भ्रम की स्थिति बनाए रखने की कोशिश हुई। सवाल है कि देश में लोकतंत्र को जमीन पर उतारने का बड़ा दायित्व संभालने वाली जिस संस्था का गठन पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए, उसे लेकर किसी भी स्तर पर पर्दादारी क्यों बरती जाती है! चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर पहले भी सरकार की मंशा पर सवाल उठे हैं। जरूरत इस बात की है कि आयुक्तों के नामों को सूचीबद्ध करने, उनके चयन से लेकर नियुक्ति तक के मामले में समूची प्रक्रिया सरकार पारदर्शी तरीके से पूरी कराए।

अगर किसी भी पक्ष की ओर से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मसले पर वाजिब तर्कों के साथ सवाल उठाए जाते हैं, तो इससे आयोग की विश्वसनीयता कमजोर होगी। यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि आम जनता और मतदाताओं के बीच आयोग के सदस्यों के कामकाज को लेकर कोई भ्रम न पैदा हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और उसकी कार्यपद्धति पर बहुत कुछ निर्भर करता है, जिससे देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का जीवन कायम रह सके।

अगर सरकार देश में स्वच्छ और स्वतंत्र चुनाव को लेकर प्रतिबद्ध है तो सबसे पहली जरूरत इसी बात है कि चुनाव आयोग के सभी सदस्यों की नियुक्ति को लेकर पूरी तरह ईमानदारी बरती जाए, इसमें लोकतांत्रिक भागीदारी दिखे और इसकी समूची प्रक्रिया पारदर्शी हो।

## सोशल मीडिया से...



केरल में इस वक्त कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। चर्च के पादरी भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं। कितने ही कॉलेज कैम्पस कम्युनिस्टों के गुंडों के अड्डे बन चुके हैं। महिलाएं, युवा और हर वर्ग के लोग डर में जी रहे हैं।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

इतिहास के पन्नों में सिकंदर और अकबर महान नहीं होगा। हम इतिहास बदलेंगे। अंग्रेजों के बाद कांग्रेस ने 70 साल तक वही पुराना गुलामी का इतिहास देश को परोसा है। हम बच्चों को महाराणा प्रताप महान पढ़ाएंगे।

**इंदर सिंह परमार**
उच्च शिक्षा मंत्री मप्र





मुस्लिम समुदाय को सीएए से घबराना नहीं चाहिए। मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करना चाहता हूं। मस्जिदों का इस्तेमाल नमाज अदा करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि किसी तरह के विरोध प्रदर्शन के लिए।

**मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**
सदस्य, एआईएमपीएलबी

घर हो या दफ्तर, मेहनत करने में महिलाएं कभी पीछे नहीं हटतीं और उनकी इसी मेहनत को कांग्रेस की 'गृहलक्ष्मी न्याय गारंटी' का सलाम है। भावी पीढ़ी के पालन पोषण के लिए पूरा देश नारी शक्ति का कृतज्ञ है।

**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता



## आज का कार्टून




# अश्लील कन्टेन्ट प्रसारण पर लगी लगाम...

**सरकार ने 12 फेसबुक एकाउंट्स, 17 इंस्टाग्राम एकाउंट्स, 16 एक्स एकाउंट्स और 12 यूट्यूब एकाउंट्स को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इस तरह के कंटेंट में एक और दिक्कत है। सामाजिक रूप से जिन रिश्तों का समाज में आदर होता है, ये अश्लील कंटेंट बनाने वाले अपने ज्यादा हिट्स पाने के लिए उन्हीं के बीच अवैध रिश्ते दिखाते हैं। इससे युवाओं के मन मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। जानकार मानते हैं कि सरकार का यह कदम सख्त संदेश देने वाला है, महत्वपूर्ण भी है लेकिन इससे ये अश्लील वीडियो कंटेंट का सिलसिला थमने वाला नहीं है। उसकी वजह है कड़ी सजा का प्रावधान ना होना और कंटेंट का नुकसान ना होना। इतने एकाउंट्स पर प्रतिबंध के बावजूद इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कुछ एकाउंट्स अभी भी चालू हैं। यानी सारा कंटेंट वो फिर से डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे बेशर्म्स ओटीटी का इंस्टाग्राम एकाउंट अभी भी खुल रहा है।**

**विष्णु शर्मा**

फेसबुक, एक्स (ट्विटर) और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म अब ऐसे अश्लील वीडियो और ऑडियो कहानियों का सबसे बड़ा घर बन गए हैं। उसी तरह कई सारे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऐप अस्तित्व में आए हैं, जो सब्सक्रिप्शन मॉडल पर पैसे लेकर हर तरह की अश्वील सामग्री परोस रहे हैं। ऐसे समय में यह पहली बार है कि केन्द्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इतना बड़ा एक्शन अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऐप्स पर लिया है। सरकार द्वारा 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अनुराग ठाकुर की अगुवाई में सूचना प्रसारण मंत्रालय देश के खिलाफ गलत सूचनाएं फैलाने वाले और देश विरोधी कंटेंट बनाने वाले यूट्यूब चैनल्स और वेबसाइट्स पर लगातार ब्लॉक करने की कार्यवाही करता आ रहा है। समय समय पर उस एक्शन की खबरें मीडिया में आती रही हैं। लेकिन अश्लील कंटेंट को लेकर इतना बड़ा एक्शन पहली बार लिया गया है।

समय-समय पर धार्मिक मामलों में आपत्तिजनक सीन्स, डायलॉग्स आदि को लेकर सख्ती बरती जाती रही है। एकता कपूर की एक फिल्म से भी सैनिकों की आपत्ति के बाद बदलाव किए गए थे। लेकिन पिछले कुछ सालों में जिस तरह से कहानी के फॉर्म में शॉर्ट फिल्में बनाकर, अश्लील ऑडियो स्टोरीज बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और दोयम दर्जे के ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देखने-सुनने को मिल रही थीं, उससे लगने लगा था कि अब अति हो गई है।

ऐसे में जब शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की गिरफ्तारी हुई और फिर जब वजह सामने आई तो लोग चौंक गए। जो अभी तक इस तरह की फिल्मों से अनजान थे, उनको भी पता चल गया कि ये बिजनेस बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि जब इस प्रतिबंध की खबर आई तो सबसे पहले स्वागत का ट्वीट करने वाले राज कुंद्रा ही थे। वो लगातार ये दावा करते रहे हैं कि वो इन सबमें शामिल नहीं थे, इसलिए अपनी बेगुनाही के लिए एक मूवी भी बना चुके हैं, जिसमें उनकी खुद की कहानी है।

जिन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनके नाम आम लोगों ने शायद ही सुने हों, क्योंकि उन्हें कोई घर के टीवी पर नहीं देखता। उनके सब्सक्राइबर ज्यादातर मोबाइल या लैपटॉप पर ही होते हैं। इन सबके नाम हैं, ड्रीम फिल्म्स, वूवी, येस्समा, अनकट अड्डा, ट्राई फ्लिक्स, एक्स प्राइम, नियॉन, एक्स वीआईपी, बेशर्म्स, हंटर्स, रैबिट, एक्स्ट्रामूड, न्यूफ्लिक्स, मूड एक्स, मॉजफ्लिक्स, हॉट शॉट वीआईपी, फुगी, चिकूफ्लिक्स और प्राइम प्ले। ऐसे एप्प अगर किसी मित्र या परिचित के मोबाइल में आपने देखे होंगे, तो अब मतलब भी समझ आ गया होगा।

हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि उल्लू टीवी पर भी प्रतिबंध लगा होगा, लेकिन पता नहीं किस तरह उल्लू




टीवी ने खुद को बचा लिया है, जबकि उसकी क्लिप्स सबसे ज्यादा सोशल मीडिया और व्हाट्स एप पर शेयर होती रही हैं। हो सकता है, इन सभी अश्लील सामग्री वाले एप्स पर प्रतिबंध के बाद उसका भी नंबर लगने वाला हो।

इन प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत लिया गया है। इस फैसले में कई और विभागों-मंत्रालयों से भी राय ली गई है। विभागों-मंत्रालयों का मानना है कि ये प्लेटफॉर्म्स बच्चों पर गलत प्रभाव डालते हैं। ऐसे में इन्हें हटाया जाना जरूरी था। कई बार दी गई वॉर्निंग के बाद भी इन प्लेटफॉर्म्स ने आपत्तिजनक क्लिप्स नहीं हटाए। इसी वजह से अब इन्हें पूर्ण रूप से बैन किया गया है।

सरकार ने 12 फेसबुक एकाउंट्स, 17 इंस्टाग्राम एकाउंट्स, 16 एक्स एकाउंट्स और 12 यूट्यूब एकाउंट्स को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इस तरह के कंटेंट में एक और दिक्कत है। सामाजिक रूप से जिन रिश्तों का समाज में आदर होता है, ये अश्लील कंटेंट बनाने वाले अपने ज्यादा हिट्स पाने के लिए उन्हीं के बीच अवैध रिश्ते दिखाते हैं। इससे युवाओं के मन मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है।

जानकार मानते हैं कि सरकार का यह कदम सख्त संदेश देने वाला है, महत्वपूर्ण भी है लेकिन इससे ये अश्लील वीडियो कंटेंट का सिलसिला थमने वाला नहीं है। उसकी वजह है कड़ी सजा का प्रावधान ना होना और कंटेंट का नुकसान ना होना। इतने एकाउंट्स पर प्रतिबंध के बावजूद इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कुछ एकाउंट्स अभी भी चालू हैं। यानी सारा कंटेंट वो फिर से डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे बेशर्म्स ओटीटी का इंस्टाग्राम एकाउंट अभी भी खुल रहा है। गूगल प्ले पर इसका ऐप अभी भी उपलब्ध है।

इतना ही नहीं इस ओटीटी के कंटेंट का मायाजाल देखिए। कई भाषाओं में ये अपने कंटेंट को डब करके शेयर कर रहे हैं। बेशर्म्स के ये सारे अश्लील कन्टेन्ट वाले वीडियोज आप यूट्यूब चैनल बेशर्म्स रीजनल पर देख सकते हैं और डाउनलोड भी कर सकते हैं। इसी तरह न्यूफ्लिक्स ने तो दुनियाभर में फिल्मों के लिए मशहूर आईएमडीबी जैसी प्रतिष्ठित वेबसाइट पर अपना एकाउंट बना लिया है और आप यहां उनकी सारी फिल्मों के अश्लील फोटोज देख सकते हैं। सरकार ने हालिया आदेश में इस ओटीटी पर भी बैन लगा दिया है।

इन अश्लील शॉर्ट फिल्मों में आपको टीवी जगत के कई पुराने चेहरे दिख जाएंगे। शायद काम ना मिलना उनकी मजबूरी रही होगी, या ये लोग काफी पैसा दे रहे हैं। इनका रेवेन्यू मॉडल केवल सब्सक्रिप्शन ही नहीं, बल्कि इंटरनेट कम्पनियों से डाटा खर्च पर मिलने वाला पैसा भी है, क्योंकि बड़े ब्रांड तो इन्हें एड देते ही नहीं। हालांकि लिंग बड़ा करने जैसी निजी समस्याएं सुलझाने वाले सैक्सोलॉजिस्ट जरूर एड देते हैं।

कुछ इंटरनेशनल एप भी हैं, जिन पर अब भारत की पूनम पांडेय और शर्लिन चोपड़ा जैसी बोल्ड मॉडल्स दिखने लगी हैं। सनी लियोनी की तरह इनके भी पोर्न क्लिप्स इन सब्सक्रिप्शन ऐप्स के जरिए एक्स (ट्विटर) आदि पर शेयर होने लगे हैं। फेसबुक, एक्स, इंस्टा भी तमाम तकनीकी इस्तेमाल का दावा करते हुए पोर्न से मुक्ति की बातें करते हैं, लेकिन बावजूद इनसे बड़ा अश्लीलता का कोई अड्डा नहीं है। इन शॉर्ट अश्लील फिल्मों पर मिलने वाले हिट्स से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

ऐसे में अगर सूचना प्रसारण मंत्रालय इतने सख्त संदेश के साथ आगे आया है, तो उसे यही मिजाज कायम रखने होंगे, तभी अश्लीलता के इस धंधे पर लगाम लगाई जा सकती है। वरना समाज के ताने बाने को तोड़ने की साजिश में लगे लोग इस तरह का अश्लील कंटेंट बनाते रहेंगे और उसे प्रसारित करने के अन्य माध्यम खोजते रहेंगे।

# अध्यात्म की लौ और इतिहास की झलक इंदौर में दर्शन के साथ पिकनिक का आनंद

इंदौर । प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में बेशक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में कुछ ही इमारतें हैं लेकिन इस शहर के आसपास ऐसे कई स्थान हैं जो इतिहास के नजरिए से बेहद खास और पर्यटन की दृष्टि से बहुत आकर्षक हैं। इनमें से कुछ स्थान तो ऐसे हैं जहां आज भी अतीत का शौर्य और सौंदर्य नजर आता है, प्रकृति के साथ मानव निर्मित रचना आकर्षण का केंद्र बन जाती हैं और अध्यात्म की अनुभूति महसूस की जा सकती है।सदियों पहले जो संरचना तैयार की गई थी वे आज भी अपनी खूबसूरती के दम पर पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं और इस स्थान का नाम है देवबलड़ा। यूं तो इंदौर के आसपास कई प्राचीन स्थल हैं पर देवबलड़ा एक ऐसा स्थान है जिसके बारे में आज भी ज्यादा लोगों को जानकारी नहीं है। असल में इस स्थान के नाम से ही यहां के महत्व का परिचय प्राप्त होता है। बलड़ा एक मालवी शब्द है जिसका अर्थ है जंगल से ढंकी हरियाली से पटे हैं रास्ते देवबलड़ा सोनकच्छ के समीप स्थित है। जहां भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। इंदौर से करीब 85 किमी दूर यह स्थान है। चलिए पहले बात यहां पहुंचने की करते हैं। इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर शहर से करीब 85 किमी दूर मेहतवाड़ा गांव है। मुख्य राजमार्ग से करीब सात किमी अंदर की ओर बिलपान गांव है। पर यह सात किमी का मार्ग बेहद सुगम और आकर्षक है।

सड़क के दोनों और खेत तो लहलहाते हुए मिल ही जाएंगे साथ ही आम, नीम, इमली, सागवान आदि के विशाल वृक्ष भी यहां हैं। हरियाली से पटे इस रास्ते पर खेत में कार्य करते हुए ग्रामीणों से भी रूबरू हो सकेंगे। सात किमी के इस खूबसूरत सफर के बाद अगले तीन किमी कच्ची सड़क है जो जंगल से होकर गुजरती है। जहां घने वृक्षों की छांव आपको धूप से बचाएगी और आपको सुकून देते हुए देवबलड़ा पहुंचाएगी जहां आपको परमारकालीन मंदिर नजर आएंगे।

यूथ होस्टल एसोसिएशन के अशोक गोलाने बताते हैं कि देवबलड़ा एक ऐसा स्थान है जहां आज भी परमारकालीन दो मंदिर देखे जा सकते हैं। यह मंदिर भगवान शिव के हैं। इतिहास को संजोए इस स्थान पर एक आधुनिक युग का मंदिर भी है पर तारीफ तो प्राचीन मंदिरों की करनी पड़ेगी जहां स्थापत्य कला और मूर्तिकला के सुंदर उदाहरण नजर आते हैं। कालांतर में आक्रांताओं ने इन मंदिरों को बहुत क्षति पहुंचाई जिसकी गवाही यहां बिखरे पत्थर और खंडित देव प्रतिमाएं देती हैं। एक छोटी पहाड़ी। इस हिसाब से जंगल से घिरी एक ऐसी पहाड़ी जहां देवता का वास हो।

मंदिर से निकले नक्काशीदार पत्थर यहां-वहां बिखरे हुए पड़े हैं। कहा जाता है कि यह मंदिर राजा भोज के शासनकाल में बनाए गए थे। पुरातत्व विभाग बीते कुछ वर्षों से इसके संरक्षण के लिए सतत कार्य करता आ रहा है। बिखरे हुए पत्थर को जोड़कर एक मंदिर लगभग तैयार हो चुका है और दूसरे का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। कई मूर्तियां अब भी बिखरी पड़ी हैं।

मूर्तियां अत्यंत परिष्कृत शैली में बनी हुई हैं। स्थानीय बलुआ पत्थरों में उन अनाम मूर्तिकारों ने प्राण भर दिए हैं। मूर्तियों का शरीर सौष्ठव, भाव भंगिमा, मुद्राएं सब कुछ अलौकिक है। अपने युग में यह परिसर निश्चित ही अत्यंत भव्य रहा होगा। कहा तो यह भी जाता है कि समीप का गांव मेहतवाड़ा मूल रूप से महंतवाड़ा का अपभ्रंश है। महंतवाड़ा अपने समय में ज्ञान का केंद्र था।

यहां स्थानीय भक्तों ने भगवान राम और हनुमानजी के मंदिर बना दिए हैं। जहां आप दर्शन करने के साथ पिकनिक का आनंद भी ले सकते हैं। यह स्थान ऐसा है जहां आज भी कई बार वन्यप्राणी देखे जा सकते हैं। यह एक रमणीय स्थल है। यहां एक कुंड भी बना हुआ है जो नेवज नदी का उद्गम स्थल है। उद्गम स्थल के पास बने मंदिर में भगवान शिव, लक्ष्मीनारायण व श्रीगणेश के विग्रह स्थापित हैं।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती




शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमें उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सदभावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र ख़त्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एप करें, कॉल न करें।
व्हाट्स ऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल अंबानी की 2 कंपनी के शेयर बने रॉकेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की बिकवाली के बीच शुक्रवार को अनिल अंबानी की दो लिस्टेड कंपनियों के शेयर रॉकेट की तरह बढ़े। यह दो कंपनियां- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड हैं। ट्रेडिंग के दौरान रिलायंस इंफ्रा के शेयर 13.52 प्रतिशत बढ़कर 243.50 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में यह 237.25 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर में 10.61 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। रिलायंस पावर के शेयर 5 प्रतिशत बढ़कर 22.13 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गए। शेयर का 52 वीक हाई 33.10 रुपये है। यह भाव जनवरी 2024 में था। इस शेयर ने निवेशकों को एक साल में 106 फीसदी रिटर्न दिया है। शेयर की कीमत में आज अचानक बढ़ोतरी तब हुई जब दोनों कंपनियों ने अलग-अलग एक्सचेंज फाइलिंग में एक अहम जानकारी दी है। इसमें कहा गया है-रिलायंस पावर ने 14 मार्च को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत रिलायंस पावर लिमिटेड की प्रमोटर रिलायंस इंफ्रा वित्तीय सुविधा के लिए कॉर्पोरेट गारंटर बनी है। फाइलिंग में आगे कहा गया है कि आईसीआईसीआई बैंक के पास रिलायंस इंफ्रा में 211 इक्विटी शेयर और रिलायंस पावर में 886 शेयर हैं। रिलायंस पावर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो दिसंबर तक प्रमोटर की हिस्सेदारी 24.49 फीसदी थी। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 75.51 फीसदी की थी। प्रमोटर में अनिल अंबानी के पास कंपनी के 4,65,792 शेयर हैं। इंडिविजुअल्स के अलावा प्रमोटर में रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रा भी शामिल है। रिलायंस इंफ्रा के पास कंपनी के 93,01,04,490 शेयर या 24.40 फीसदी हिस्सेदारी है। अनिल अंबानी की प प्रतिशती टीना अंबानी के पास कुल 4,12,708 शेयर हैं। बता दें कि रिलायंस पावर अपनी सहायक कंपनियों के साथ मिलकर भारत में बिजली उत्पादन में लगी हुई है। कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 416 गीगावॉट है। कंपनी की स्थापना 1995 में हुई थी।

### 5 टुकड़ों में बंटेगा वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर स्टॉक स्प्लिट की रिकॉर्ड डेट से एक दिन पहले आज शुक्रवार को 5 प्रतिशत के ऊपरी सर्किट में फंस गए। कंपनी के शेयर 1,407.45 रुपये पर पहुंच कर बंद हुए हैं। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने 1:5 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी का स्टॉक पिछले सत्र में 1340.45 रुपये पर बंद हुआ था आज 5 प्रतिशत बढ़कर 1407.45 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। 16 मार्च, 2023 को स्टॉक 52-सप्ताह के निचले स्तर 124.79 रुपये तक गिर गया और 12 मार्च, 2024 को 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 1641 रुपये पर चढ़ गया था। एक साल में स्टॉक 1016 प्रतिशत बढ़ा है और इस साल 221 प्रतिशत बढ़ा है।

# तेजी से बढ़ रहा पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का शेयर

## सालभर में 800 प्रतिशत चढ़ा भाव, अजय देवगन के पास हैं कंपनी के 1 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत तक चढ़ गए और 902.10 रुपये पर बंद हुए। बता दें कि इस शेयर में तेजी के पीछे पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले बनी फिल्म शैतान का सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन है। फिल्म की कमाई सिर्फ 8 दिन में 80 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल में अजय देवगन की बड़ी हिस्सेदारी है। हाल ही में अजय देवगन के इस कंपनी के 1 लाख शेयर खरीदे हैं।

### 274 रुपये के भाव पर किए गए 1 लाख शेयर अलॉट

बता दें कि देवगन को 274 रुपये प्रत्येक शेयर की कीमत पर 1 लाख शेयर अलॉट



किए गए, जिनकी कुल राशि 2.74 करोड़ रुपये थी। 4 मार्च को कारोबारी समय के अंत तक निवेश तीन गुना बढ़कर हो गया है। देवगन ने पैनोरमा स्टूडियो और इसके निर्माता कुमार मंगत पाठक द्वारा निर्मित कई फिल्मों में काम किया है, जिनमें दिल तो बच्चा है जी, रेड और दृश्यम शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में हम्बल मोशन पिक्चर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ तीन पंजाबी फिल्मों, कैरी ऑन जेटिये, अरदास 3 और मंजे बिस्त्रे 3 के लिए सहयोग किया है।

### क्या है डिटेल

पैनोरमा स्टूडियोज़ ने दृश्यम फ्रैंचाइज़ी के हॉलीवुड रीमेक के लिए गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और फिल्म्स के साथ भी हाथ मिलाया है। चेयरमैन पाठक का टारगेट अगले तीन से पांच सालों में 10 देशों में दृश्यम का निर्माण करना है। यह एक प्रोड्यूसर और टैलेंट मैनेजर दोनों के रूप में देवगन के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दर्शाता है।

### शेयरों ने दिए शानदार रिटर्न

पिछले छह महीने में पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर ने 325 प्रतिशतका रिटर्न दिया है। इस साल ङ्खञ्जष्ठ में अब तक 150 प्रतिशत और सालभर में यह शेयर 800 प्रतिशत तक चढ़ चुका है।

## ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेकने भी खरीदे इलेक्टोरल बॉन्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेक के शेयर 15 मार्च को 5 प्रतिशत गिर गए और 1686.50 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट एक खबर के बाद आई है। दरअसल, चुनाव आयोग के दस्तावेजों से पता चला कि इसकी होल्डिंग कंपनी, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चुनावी बांड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार थी। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय सीमा से एक दिन पहले 14 मार्च को चुनावी बांड पर डेटा अपनी वेबसाइट पर डाल दिया। स्थ्रूढ्ढरु ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे। हैदराबाद की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। इसके अगले महीने ही कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार की नोडल एजेंसी एमएमआरडीए द्वारा लगाई गई बोली में एलएंडटी को पछाड़कर ठाणे से बोरीवली परियोजना के लिए 14,400 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार शाम को चुनाव आयोग को उन संस्थाओं का विवरण सौंपा, जिन्होंने अब समाप्त हो चुके चुनावी बांड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें प्राप्त किया था। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किए हैं। 15 मार्च को 12 बजे, बीएसई पर ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयर 5 प्रतिशत गिरकर 1,701 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। स्टॉक एक सप्ताह में 11 प्रतिशत गिर रहा है और दिसंबर 2022 के बाद से अपने सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर अग्रसर है। पिछले एक महीने में स्टॉक में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, 15 मार्च को ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का प्रतिस्पर्धी जेबीएम ऑटो 0.7 प्रतिशत बढ़कर 1,880 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## बदलेगा शेयर खरीदने-बेचने का तरीका, टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को मिली मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों की खरीदारी और बिक्री का तरीका बदलने वाला है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है। सेबी ने कहा कि हितधारकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने 25 शेयरों और ब्रोकरेज के लिमिटेड सेट के साथ टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दी है। सेबी इस कार्यान्वयन की तारीख से तीन महीने और छह महीने के अंत में स्थिति समीक्षा करेगा। इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। बता दें कि ज्यादातर सिक्योरिटीज अब तक टी+1 सेटलमेंट साइकल पर काम कर रहे थे। 2021 में टी+1 पेश किया गया और इसे चरणों में लागू किया गया, अंतिम चरण जनवरी 2023 में पूरा हुआ। टी+0 सेटलमेंट साइकल अब टी+1 चक्र के साथ एक विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इस कदम से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ सकती है और जोखिम कम हो सकता है।

### कैसे होगा काम

टी+0 सेटलमेंट के तहत खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा जिस दिन खरीदारी की गई होगी। मान लीजिए कि आपने सोमवार के दिन शेयर बेच रहे हैं तो टी+0 के अनुसार सेटलमेंट पर उसी दिन यानी सोमवार को ही शेयरों के पैसे आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएंगे। वहीं आपने शेयर खरीदे हैं तो ये शेयर भी सोमवार को ही आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएंगे। यही नियम टी+1, टी+2 और टी+3 सेटलमेंट में भी लागू होता है। वहीं, साप्ताहिक अवकाश को नहीं गिना जाता है।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को राहत

सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और प्रारंभिक शेयर बिक्री यानी आईपीओ के माध्यम से पैसे जुटाने की चाहत रखने वाली इकाइयों को छूट देना शामिल है। सेबी ने कहा कि इक्विटी शेयर के सार्वजनिक/राइट्स इश्यू में एक प्रतिशत सिक्योरिटी डिपॉजिट की जरूरत को खत्म करने और अप्रत्याशित घटना के कारण ऑफर समापन तिथि के विस्तार को लचीलापन बनाने का निर्णय लिया गया है। ये उपाय आईपीओ और धन जुटाने के लिए आने वाली कंपनियों के वास्ते व्यापार करना सुगम बनाने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

## स्कूल-कालेज और गर्ल्स हॉस्टल के आसपास किए जाएं हमारी सुरक्षा के इंतजाम

### जागृति मंच के आयोजन में इंदौर के स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों ने रखी अपनी मांग

इंदौर। स्कूल कालेज, गर्ल्स हास्टल के आसपास छात्राओं की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। शिक्षण संस्थानों के आसपास प्रत्येक दिन पुलिस की पेट्रोलिंग होना चाहिए। स्कूल-कालेज के बाहर और सार्वजनिक स्थलों आदि हर जगह इमरजेंसी हेल्प लाइन नंबर लगाए जाएं। असामाजिक तत्वों के लिए चेतावनी भरे पोस्टर भी लगाएं। पूरे इंदौर शहर में जिला प्रशासन और पुलिस सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करें। मध्य प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू किया जाना चाहिए और विभिन्न प्रकार के नशे पर रोक लगाई जाए। ये मांगें इंदौर के स्कूल-कालेज की छात्राओं की है। शहर में स्कूल-कालेज, शिक्षण संस्थानों के आसपास सहित कई जगह छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं। महिलाओं व बच्चियों पर भी लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। इसे लेकर जागृति मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विभिन्न स्कूल-कालेजों से आए विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी। विद्यार्थियों की बात में उनका दर्द छलका और सुरक्षा का डर भी।

लड़कियों को होना होगा एकजुट

इस मौके पर विद्यार्थियों ने कहा कि चाहे स्कूल हो, कालेज हो, सड़क हो या हो अपना ही घर, किसी भी जगह सुरक्षा महसूस नहीं होती। छात्राओं को लड़ने की ताकत देते हुए छात्र नेता अजीत सिंह पवार ने कहा कि लड़कियों को एकजुट होना होगा और इन समस्याओं से लड़ना होगा। आज शिक्षा को भी बिकाऊ बनाया जा रहा है। सरकारी स्कूल-कालेजों को प्राइवेट करने की तरफ बढ़ रहे हैं।

### लड़कियों को खुद के लिए खड़ा होना होगा

पढ़ने के लिए सुरक्षा जरूरी है और सुरक्षा के लिए लड़ाई जरूरी है। इसलिए पढ़ाई और लड़ाई साथ-साथ जारी रखना होगी। लड़कियों को अपने लिए खड़ा होना होगा। ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की जिला प्रभारी अर्शी खान ने कहा कि लोगों को अच्छी शिक्षा, अच्छी जॉब, अच्छा इलाज उपलब्ध नहीं है। लेकिन उनके आगे लगातार परोसी जा रही है शराब, नशा, अश्लीलता जो उन्हें यौनता का दास बना रही है।

## एमपीपीएससी ने साल की पहली स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट 2024 (सेट) की घोषित, 21 मार्च से आवेदन शुरू

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने साल की पहली स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट 2024 (सेट) घोषित कर दी। आयोग ने शुक्रवार को 20 विषय के लिए होने वाली सेट का विज्ञापन जारी कर दिया है। 21 मार्च से परीक्षा के दस दिन पहले तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। 20 अप्रैल के बाद आवेदन करने पर अभ्यर्थियों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अभी परीक्षा की तारीख तय नहीं की गई है। इस बार परीक्षा में गत साल की परीक्षा के मुकाबले 14 विषय कम कर दिए गए हैं। पिछले साल सालों बाद सेट की परीक्षा हुई थी, जिसमें कुल 34 विषयों की परीक्षाएं ली गई थी। इसका विरोध भी शुरू हो गया है। कम्प्यूटर साइंस जैसे विद्यार्थियों ने उनके विषय की परीक्षाएं करवाने की मांग उठाई है। इस बार हटाए गए कई अन्य विषयों के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा करवाने की मांग की है।

आयोग ने परीक्षा से जुड़ी गाइडलाइन भी पोर्टल पर अपलोड कर दी। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पोस्ट ग्रेजुएशन उत्तीर्ण है। सेट में जनरल और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पीजी में 55 प्रतिशत अंक है तो ओबीसी, एसटी-एससी उम्मीदवारों को पांच प्रतिशत की छूट देते हुए 50 प्रतिशत अंकों से पीजी उत्तीर्ण होना जरूरी है। 1991 से पहले पीजी किए हुए पीएचडीधारक अभ्यर्थियों को भी पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

सेट की परीक्षा में तीन घंटे के दो पेपर होंगे। इसमें एक जनरल और दूसरा चयनित विषय का पेपर होगा। सामान्य में 50 प्रश्न होंगे। सही उत्तर पर दो अंक प्रत्येक प्रश्न के जवाब पर दिया जाएगा। विषय पेपर में 200 अंक के 100 प्रश्न होंगे। दोनों पेपर को तीन घंटे में हल करना होगा। इस बार केमिस्ट्री, फिजिक्स, बायोलॉजी, मैथेमेटिक्स, होम साइंस, अंग्रेजी, हिंदी, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, इकोनॉमिक्स, पोलिटिकल साइंस, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत, सोशियोलॉजी, योग, फिजिकल एजुकेशन सहित अन्य विषय की परीक्षा होगी। आयोग ने परीक्षा इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सतना, रीवा, सागर, उज्जैन, रतलाम समेत 12 शहरों में करवाने का निर्णय लिया है।

## अमेरिका की अदालत ने बायजू को 533 मिलियन डॉलर ट्रांसफर करने से रोका

### कोर्ट ने आदेश में कहा यह पैसा कहीं इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है

### इस फैसले को कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडटेक कंपनी बायजू को फिर से झटका लगा है। बायजू को 1.2 बिलियन डॉलर का लोन का लोन देने वाले कंसोर्टियम के मेंबर्स के मुताबिक, अमेरिका की अदालत ने एडटेक कंपनी को 533 मिलियन डॉलर की रकम को ट्रांसफर करने या इस्तेमाल करने से रोक दिया है। ये रकम पहले हेड





फंड के पास थी, लेकिन अब इसे किसी अज्ञात ऑफशोर ट्रस्ट में ले जाया गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह पैसा कहीं इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है इस फैसले को कंपनी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है। इसी के साथ अदालत के जज जॉन टी. डोर्सी ने हेज फंड कैमशाफ्ट कैपिटल के फाउंडर विलियम मॉर्टन को गिरफ्तार करने का आदेश भी दिया है। बताया गया है कि मॉर्टन बार-बार अदालत में पेश होने और रकम के ट्रांसफर के बारे में जानकारी देने से इनकार कर रहे थे। निवेशकों के समूह के बयान के मुताबिक, अदालत ने पाया कि बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन और दिव्या गोकुल्नाथ कंपनी बाजयू अल्फा के साथ मिलकर काम कर रहे थे, उन्हें अदालत के फैसले का पालन करने का आदेश दिया गया है। कथित तौर पर हेज फंड में पैसा ट्रांसफर करने से पहले बायजू ने अपनी मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड की अमेरिकी सहायक कंपनी बायजू अल्फा में टर्म लोन से 533 मिलियन डॉलर निवेश किए थे। बायजूस अल्फा अब अमेरिका में दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रही है।

### दिल्ली के कई विभागों में निकली सैकड़ों वैकेंसी

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ कार ड्राइवर, ऑक्सिलरी नर्स/मिडवाइफ, ड्राफ्ट्समैन ग्रेड-ङ्घङ्घङ्घ, स्टोर कीपर समेत कई पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. इस भर्ती अभियान के माध्यम से विभिन्न पदों पर 400 से ज्यादा खाली पदों भरा जाएगा.डीएसएसएसबी भर्ती 2024 नोटिफिकेशन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च 2024 दोपहर 12 बजे से शुरू होगी और 19 अप्रैल रात 11.59 बजे तक चलेगी. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट https://dsssb.delhi.gov.in/ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करे

## SBI General Insurance discontinues its low-cost health plan Arogya Plus: Report

SBI General Insurance Co. has reportedly discontinued its low-cost health plan, Arogya Plus Health Policy, in a possible regulatory breach. The policyholders have been asked to either e&ist the policy or switch to other health plan, more e&pensive ones, NDTV Profit reported.Arogya Plus provided coverage on an Indemnity basis up to a specified sum insured at a flat premium. Flat premium is irrespective of age of insured and family combination. The policy was available on Individual basis, Family Non-floater and Family Floater sum insured basis. The policy had no caps on room rent or age-related charges. The report further said that the company's website is not supporting the renewal or new purchase of its Arogya Plus Health Policy. Speaking about the issue, insurance e&pert Ankit Mehta said: "Discouraging agents and relationship managers from selling/renewing the policy and claiming withdrawal or discontinuation without notice is actually against the rules laid down by the insurance regulator.As per norms laid by the Insurance Regulatory and Development Authority of India, an insurer is required to obtain approval from the regulator before withdrawing or closing a particular product. The insurer has to provide a ~®-day written notice to the e&isting policyholders.

SBI General Insurance registered a significant growth of z®% in the month of December w®wx, leading to GDP of Rs v®®v crore. The company contributed around vy% to the overall accretion of private insurance industry, marking the highest accretion in the month of December FY wy.The company's diverse product portfolio, combined with its distribution and its reach has resulted in SBI General improving its private market share to {.yv% in the month of December FY wy, with an improvement of vx| basis points in market share over the corresponding month of last financial year. In the ~M FY wx-wy, the General Insurance industry registered a growth of vy%, while the company has registered a growth of wx%.

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल के उच्चतम स्तर पर, निर्यात में भी 12 फीसदी का इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.10 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले दो वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इससे संबंधित आंकड़े जारी किए। विदेशी मुद्रा भंडार में 14 जुलाई, 2023 को समाप्त सप्ताह के बाद से सबसे बड़ा उछाल आया है।

इससे पहले, 1 मार्च, 2024 को समाप्त सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 बिलियन डॉलर बढ़कर 625.63 बिलियन डॉलर हो गया। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन हफ्ते में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 8.12 अरब डॉलर बढ़कर 562.35 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में डॉलर की तुलना में हुई वृद्धि या कमी के प्रभावों का आकलन किया जाता है।

समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि एसडीआर इस दौरान 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.21 अरब डॉलर



हो गया। इस दौरान आईएमएफ में देश का रिजर्व पोजिशन 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.82 बिलियन डॉलर हो गया।

अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद वैश्विक उथल-पुथल से बने दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की मजबूती बनाए रखने के लिए कथित तौर पर इसका इस्तेमाल किया जिससे इसके भंडार में गिरावट दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर नकदी प्रबंधन के माध्यम से बाजार में हस्तक्षेप करता है। इसके तहत रुपये में भारी गिरावट को थामने के लिए डॉलर की बिक्री करना भी शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजारों पर कड़ी निगरानी रखता है केवल संभावित अस्थिरता की स्थिति में हस्तक्षेप करता है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में देश का निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब डॉलर रहा जो चालू वित्त वर्ष में सर्वाधिक है जबकि इस दौरान व्यापार घाटा 18.7 अरब डॉलर रहा।

फरवरी महीने में आयात का मूल्य 60.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो फरवरी 2023 में 53.58 प्रतिशत की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2023 में निर्यात का आंकड़ा 37.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि फरवरी महीने के दौरान निर्यात में चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस बात पर भी विश्वास व्यक्त किया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले साल के रिकॉर्ड निर्यात से भी अधिक होगा।



# दुबई में चाहिए नौकरी तो इन चीजों की तैयारी करना अभी से कर दें शुरू

**दुबई में नौकरी करने का सपना कई लोगों का होता है। हालांकि यहां नौकरी पाने के लिए आपको कुछ चीजों के बारे में जान लेना चाहिए।**

ज्यादातर लोग अपने करियर के किसी ना किसी पड़ाव पर विदेश जाकर नौकरी करने का सोचते हैं। विदेश में नौकरी करना कई लोगों का सपना होता है। खासकर भारत से दुबई जाने में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यह भी एक कारण है जिसके वजह से लोग दुबई जाकर नौकरी करते है। अगर आप भी दुबई में नौकरी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन चीजों के बारे में जान लें।

## अंग्रेजी सीख लें

अगर आपको दुबई में नौकरी करना है तो आपकी अंग्रेजी ठीक होनी चाहिए। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक नहीं है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक है तो आपको आसानी से किसी भी पोस्ट की नौकरी मिल जाएगी।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

आपको अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छा है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। दुबई में अच्छी नौकरी के साथ आपको काफी अच्छा सैलरी भी दी जाती हैं।

### दुबई में नौकरी कैसे ढूंढें

- कई लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दुबई में नौकरी की तलाश कैसे करनी हैं। अगर आपको दुबई में नौकरी चाहिए तो आपको LinkedIn की मदद से नौकरी की तलाश करना चाहिए।
- इसके अलावा आप चाहे तो Indeed की मदद से भी नौकरी मिल सकती हैं।
- जब तक आपको नौकरी नहीं मिलती हैं तब तक आप टूरिस्ट वीजा पर दुबई जाकर नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



# अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के लिए कारगर बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री

**बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री उन युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर साबित होता है जो अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के नवीन अवसरों व स्किल्ड जॉब्स की तलाश में रहते हैं।**

सभी लोग एजुकेशन के बाद अच्छी नौकरी, वेतन और करियर के साथ बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसके लिए छात्र देश से लेकर विदेश तक जाकर पढ़ाई भी जमकर करते हैं। क्योंकि जितनी अच्छी नौकरी होगी, उतना अच्छा जीवन होगा। अच्छे करियर के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या मैथमेटिक्स स्ट्रीम को चुनते है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कन्वेंशनल इंजीनियरिंग डिग्री में सभी तरह के इम्पोर्टेन्ट अध्यन का न मिल पाना। इसी अपूर्ण को पूर्ण करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सो के माध्यम से स्टूडेंट्स को बीवोक कोर्स कराता है। जिस से सभी स्टूडेंट्स अपने स्किल को डेवलप कर अपना करियर बना सकें।

## क्या है बीवोक कोर्स

यह एक तीन साल का डिग्री कोर्स होता है, जिसे विभिन्न विषयों जैसे होटल मैनेजमेंट, मेटल कन्स्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर में स्किल डेवलप कराया जाता है। इसका का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है और छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इससे युवा अपने भीतर छिपे हुए हुनर को विकसित कर पाएंगे।

## बीवोक कोर्स करने की योग्यता

यह कोर्स आप 10वीं के बाद भी कर सकते हैं, बशर्ते आपको दसवीं के बाद 2 साल की आईटीआई का कोर्स करना होगा, उसके बाद आप वोकेशन कोर्स कर सकते है। वहीं अगर आप 12वीं के बाद करना चाहते हैं, लेकिन कुछ सब्जेक्ट्स के लिए आपकी स्ट्रीम उस सब्जेक्ट से संबंधित होनी चाहिए। वोकेशन कोर्स की एडमिशन हर साल होता है, इसके लिए आपको इंटर्नशिप एग्जाम देना आवश्यक है। इंटर्न्स एग्जाम पास होने वाले स्टूडेंट्स का ही एडमिशन लिया जाता है। इस कोर्स में 3 साल में 6 सेमेस्टर होते है और हर सेमेस्टर में आपका एग्जाम होता है तथा आपको हर सेमेस्टर में एग्जाम पास करने के बाद आपको सर्टिफिकेट दिया जाता है। अगर आप किसी कारणवश पहले साल में इस कोर्स को छोड़ देते है तो आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी मिलता है। वहीं तीनों साल को पूरा करेंगे तो आपको ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त होगी।

## बीवोक कोर्स क्यों करें

आज के समय में छात्र अपनी स्किल डेवलप करने वाले कोर्स करने के लिए विदेश जाते हैं, क्योंकि वहां जो भी पढ़ाई होता है स्किल बेस्ड होता है। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी है कि हम जो भी पढ़ाई करते हैं उसमें हमें जरूरी स्किल नहीं मिल पाता है। इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सेज के जरिए बच्चों को स्किल्ट्रेनिंग प्रदान करना चाहती है जिससे सभी विद्यार्थी एक बेहतर भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो पाए।

## बीवोक कोर्स कैसे करे

आज का समय बीवोक कोर्स का है। क्योंकि एक समान होटल मैनेजमेंट या सामान्य इंजीनियरिंग की डिग्री इतनी वैल्यू नहीं रखती जितनी एक बीवोक डिग्री होती है। इसका कारण है, इसमें पढ़ाई के साथ-साथ आप स्किल्स भी सीख लेते हैं। इसमें आप विभिन्न सब्जेक्ट जैसे कि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, डेयरी फार्मिंग कोर्स कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल कोर्सेज जैसे मेडी कंस्ट्रक्शन और टेक्नीशियन जैसे कोर्स भी होते हैं। इसमें छात्रों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए मशीन दी जाती है। हर छात्र काम की बारीकी को अच्छे से समझ सके इसके लिए स्विस ट्रेनर की निगरानी में हर छात्र को व्यक्तिगत तौर पर मशीन पर ट्रेनिंग दी जाती है। हर वर्ष छात्र को 6 महीने यूनिवर्सिटी में और बाकी 6 महीने इंडस्ट्री में ट्रेनिंग दी जाती है।

## बीवोक कोर्स के बाद सैलरी

सभी चाहते हैं कि पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी मिले। वोकेशनल कोर्स करने के बाद आप किसी भी कंपनी में फ्रेशर के तौर पर 20,000 से 30,000 से नौकरी शुरू कर सकते हैं। जिसके बाद आप अनुभव व अपने स्किल के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



### मुख्य संस्थान

- एसएमएस, लखनऊ
- एचआईएमसीएस, मथुरा
- एचआईटीएस, चेन्नई
- जैन यूनिवर्सिटी, बंगलौर
- पारूल यूनिवर्सिटी



# आप भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) कुछ ही दिनों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करता है। इस परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। फिर रिटन एग्जाम और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है। इस परीक्षा का प्रश्नपत्र 4 भागों में बंटा होता है: रीजनिंग, इंग्लिश लैंग्वेज, प्रोफेशनल नॉलेज तथा बैंकिंग के विशेष संदर्भ में जनरल अवेयरनेस (केवल लॉ ऑफिसर स्केल 1 व 2 तथा राजभाषा अधिकारी हेतु)/ क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड (अन्य सभी स्पेशलाइजेशंस हेतु)। चलिए, जानते हैं कि इन सेक्शंस में किस तरह अच्छा स्कोर किया जा सकता है।

## इंग्लिश लैंग्वेज

यह इस परीक्षा का सबसे स्कोरिंग सेक्शन है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामर तथा लैंग्वेज पर अच्छी पकड़ जरूरी होती है। आपके ग्रामर संबंधी कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही आपकी वोकैब्युलरी भी मजबूत होनी चाहिए। इस सेक्शन में आम तौर पर पैसेज बेस्ड क्वेश्चन, कॉमन एरर इन सेंटेंस, रैपिड फिलर, क्लोज टेस्ट, एंटॉनिम्स एंड सिनॉनिम्स शामिल होते हैं।

## क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड

इस सेक्शन के प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल किए गए सभी टॉपिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही इस सेक्शन में स्पीड भी महत्वपूर्ण होती है। ध्यान रहे, इस सेक्शन में कोई भी प्रश्न छोड़ें नहीं। इसकी तैयारी के दौरान किसी भी टाइप के प्रश्न को कम न आंकें। यह कभी नहीं कहा जा सकता कि किस साल किस टाइप के प्रश्नों को इस परीक्षा में ज्यादा महत्व मिल जाए। इसमें आम तौर पर नंबर सिस्टम, रेश्यो, प्रॉफिट-लॉस एंड डिस्काउंट, पर्सेंटेज, एवरेज, डेटा इंटरप्रिटेशन, टाइम एंड वर्क आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डेटा इंटरप्रिटेशन के प्रश्नों पर अधकि जोर देता है।

## रीजनिंग एप्टिट्यूड

रीजनिंग सेक्शन की तैयारी के लिए मानसिक सतर्कता और लॉजिकल स्किल जरूरी है। इस सेक्शन में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति समझने के लिए मॉडल पेपर तथा पिछले वर्षों के पेपर हल करें। इसमें वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग के टॉपिक शामिल होते हैं, जैसे एनालॉजी, इनपुट-आउटपुट, क्लासिफिकेशन, इंफेरेंस आदि।


## प्रोफेशनल नॉलेज

यह आपको अपना कंफर्ट जोन लग सकता है क्योंकि इसमें आपकी स्ट्रीम या स्पेशलाइजेशन से संबंधति प्रश्न ही पूछे जाएंगे। यहां भी आपके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर होने से आप फायदे में रहेंगे।

## जनरल अवेयरनेस

जनरल अवेयरनेस सेक्शन की तैयारी के लिए तो आपको लगातार समसामयिक घटनाओं से अपडेटेड रहना होगा। नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहें। साथ ही बैंकिंग संबंधी ताजा घटनाक्रम पर नजर रखें।





**एक टेलीमार्केटर वह शख्स है जो कि फोन पर किसी उत्पाद या सेवा को बेचने के लिए जिम्मेदार होता है। टेलीमार्केटर्स प्राइवेट ऑफिस, कॉल सेंटर या घर से भी काम कर सकते हैं। चूंकि टेलीमार्केटर्स अपने ग्राहकों से फेस-टू-फेस नहीं मिलते हैं इसलिए अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल होना बहुत जरूरी है। अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए**

# अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

जो आप बेच रहे हैं उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। आपको इस बात की अच्छी समझ होनी चाहिए कि यह क्या है, कैसे काम करता है और किस तरह से संभावित ग्राहकों के लिए उपयोगी है। इसके अलावा, जो आप बेच रहे हैं उसे लेकर आपमें विश्वास होना जरूरी है।

जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहे हैं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। एक अच्छा टेलीमार्केटर केवल उत्पाद या सेवा नहीं बेचता बल्कि वह कंपनी का भी प्रतिनिधित्व करता है। आपको यह बताने योग्य होना चाहिए कि ग्राहकों को उनके प्रतिद्वंदियों की बजाए उन्हें क्यों चुनना चाहिए। कंपनी का इतिहास, उसकी सोच, मिशन, ग्राहकों के रिव्यूज और इंडस्ट्री रेटिंग्स पता होना चाहिए। आप यह समझें कि सेल्स प्रोसेस क्या है। इसमें क्लोजिंग पेपरवर्क, बिलिंग, शिपिंग, रिफंड/रिटर्न पॉलिसी, कस्टमर सर्पोट और उन्हें जरूरी फॉलोअप शामिल है। अपनी स्क्रिप्ट की प्रैक्टिस कर लें। जब तक आप इसमें सहज न हो जाएं इसे तेज पढ़े।

## कॉन्फिडेंस दिखाएं

एक अच्छा टेलीमार्केटर अधिकार से बोलता है जिससे ग्राहकों के दिमाग में बात अच्छे से चले जाती है। अगर आपकी तैयारी पूरी है तब आपको आपके कॉल करने और आपकी कंपनी के बारे में विश्वास के साथ बात करना चाहिए।

## प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स

धीरे लेकिन तेज और साफ बोले ताकि आपके कस्टमर को बात आसानी से समझ आ जाएं। बुदबुदाएं नहीं। अपना परिचय दें और बातचीत में जितनी जल्दी हो सके कॉल का मकसद बताएं। रूके और आगे बढ़ने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। बहुत ज्यादा या बहुत कम बोलने से बचे बल्कि संतुलित वार्तालाप करें। बहुत ज्यादा फिलर्स का उपयोग करने से बचें।

## सपाट न हो टोन

टेलीमार्केटिंग में स्क्रिप्ट्स बहुत आम बात है विशेषकर कॉल सेंटर के माहौल में। लेकिन यह संभव है कि आप उस तरह बोले कि ऐसा न लगे कि आप पेपर से पढ़कर बोल रहे हैं। धीरे-धीरे सांस लें और कॉल करने से पहले रिलेक्स हो जाएं।

## पॉजिटिव मेंटल एटिट्यूड

याद रखे कि कुछ लोग आपका कॉल एक्सपेक्ट नहीं कर रहे होंगे और इसके लिए ग्रहणशील न हो। इसमें कोई नई बात नहीं है कि आपकी बात में एक रूचि लेने वाले ग्राहक के पहले कई ग्राहक अच्छे टेलीमार्केटर को भी रिजेक्ट कर देंगे।

संक्षिप्त समाचार

## गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है।

टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया। गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए। अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे।

## पूर्व क्रिकेटर का दावा- विराट कोहली के बिना भारत टी20 विश्व कप नहीं जीत सकता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चर्चाएं हैं कि विराट कोहली को आगामी टी20 विश्व कप के दौरान टीम इंडिया में नहीं चुना जाएगा। आशंका है कि बीसीसीआई अब युवा प्लेयरों पर भरोसा जता रही है जोकि विंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप में बढ़िया प्रदर्शन करने का दावा करते नजर आ रहे हैं। लेकिन इसी बीच पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने कहा है कि विराट के बिना टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है।

श्रीकांत ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि विराट कोहली टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। उसे टीम में रहना होगा। वह हमें 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ले गए और वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इन आलोचकों और अफवाह फैलाने वालों के पास कोई काम नहीं है। इस रिपोर्ट का आधार क्या है? अगर भारत को टी20 विश्व कप जीतना है तो विराट कोहली जरूरी हैं।

बता दें कि कोहली की टी20 फॉर्मेट में फॉर्म पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। हालांकि उन्होंने विश्व कप के पिछले संस्करण में जोकि ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, में 6 मैच खेलकर 296 रन बनाए थे, लेकिन उनका पिछले 2 सालों में कम टी20 मुकाबले खेलना भी बड़ी अड़चन है।

# IPL 2024 का दूसरा चरण नहीं होगा भारत में?

## बीसीसीआई अगले हफ्ते कर सकती है नए वेन्यू की घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। सीजन का पहला मैच सीएसके और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई ने इस बार 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच आईपीएल का आधा शेड्यूल ही जारी किया है।

देश में होने वाले आम चुनाव के चलते ऐसा हुआ है। अब हर किसी की नजर शेड्यूल के दूसरे चरण पर टिकी है कि वह कब से शुरू होगा और कहां मैच होंगे। इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आईपीएल का दूसरा चरण यूएई में आयोजित हो सकता है।

### यूएई में हो सकता है दूसरा चरण

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को देश में आम चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा और उसके बाद बीसीसीआई आईपीएल के सेकेंड फेज के वेन्यू की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड के कुछ अधिकारी कुछ दिनों से दुबई में हैं जहां आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन की संभावनाओं पर काम करने के लिए गए हैं। इसके अलावा आईपीएल टीमों को भी यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि वह अपने-अपने खिलाड़ियों के पासपोर्ट सबमिट कराएं।

### तीसरी बार यूएई में होगा आईपीएल?




बता दें कि अगर आईपीएल का दूसरा फेज यूएई में आयोजित होता है तो यह तीसरा मौका होगा जब दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को देश से बाहर कराया जाएगा।

इससे पहले 2020 में कोरोना महामारी के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में हुआ था और उससे पहले 2014 में आईपीएल यूएई में ही हुआ था। उस वक्त भी जनरल इलेक्शन की वजह से यह टूर्नामेंट देश के बाहर शिफ्ट किया गया था।

### इन शहरों में होंगे पहले फेज के मैच

आईपीएल के पहले फेज में कुल 21 मैच होंगे। पहले फेज का आखिरी मैच 7 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच होगा।

पहले फेज के मैच चंडीगढ़, चेन्नई, बैंगलोर, लखनऊ, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। दिल्ली में कोई मैच नहीं खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम में खेलेगी।

## मिचेल स्टार्क आईपीएल में अपनी वापसी को लेकर रोमांचित




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी पर रोमांचित हैं और उन्होंने अपनी वापसी को लेकर खुलकर बात की है। लगभग नौ वर्षों के बाद, स्टार्क आगामी 2024 संस्करण में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रंग में रंगते हुए, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करने के लिए तैयार है।

नीलामी में स्टार्क की 24.70 करोड़ रुपये की भारी कीमत ने सुर्खियां बटोरीं, जिसने उन्हें गुजरात टाइटन्स के साथ एक जबरदस्त बोली युद्ध के बाद आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज, जिन्होंने आईपीएल के शुरुआती सीज़न में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व किया था, केकेआर के साथ इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ फिर से जुड़ने की संभावना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया है। अपनी आईपीएल यात्रा पर विचार करते हुए, स्टार्क ने लीग में अपने पिछले कार्यकाल और 2018 में केकेआर में शामिल होने से हटने के अपने फैसले को स्वीकार किया।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ आईपीएल के दो सीज़न खेले और दोनों अभियानों में 34 विकेट लिए थे। एक साक्षात्कार में, स्टार्क ने आईपीएल के गतिशील वातावरण को अपनाने के लिए अपनी तत्परता पर जोर देते हुए, आगामी चुनौती के लिए अपना उत्साह साझा किया। टीम साथियों की एक नई सूची और नए उद्देश्य की भावना के साथ, स्टार्क दुनिया की प्रमुख टी20 प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है, और व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के अवसर का आनंद ले रहे हैं।

स्टार्क ने कहा, मुझे लगता है कि आठ साल हो गए हैं। केकेआर में वापस आ गया हूं जहां मुझे 2018 में होना चाहिए था। इसलिए मैं गोल्ड और पर्पल हासिल करने के मौके के लिए वहां वापस आऊंगा। मुझे लगता है कि मेरी यादें कुछ और दूर की हैं 2014 और 2015 में आरसीबी के साथ, लेकिन हां, इसमें शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।

आईपीएल के शानदार माहौल और वैश्विक अपील को स्वीकार करते हुए, स्टार्क ने आगे एक रोमांचक सीज़न की आशा की है, और टूर्नामेंट को एक ऐसे रूप में चित्रित किया जो टी20 क्रिकेट के सार को अपने बेहतरीन रूप में प्रस्तुत करता है। मेरे पास कुछ खिलाड़ी हैं, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके खिलाफ मैंने खेला है और उनसे मिला हूं। यह रोमांचक होने वाला है। यह निश्चित रूप से एक नई चुनौती है। लेकिन हां, यह रोमांचक होगा। यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग है। इसलिए, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। केकेआर 23 मार्च को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने सीज़न का पहला मैच खेलेगा।

महिला प्रीमियर लीग

## आज दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच फायनल मैच

### महिला प्रीमियर लीग की विजेता पर होगी पैसों की बरसात, मिलेगी रणजी चैंपियन से भी बड़ी राशि

नई दिल्ली (एजेंसी)। 17 मार्च यानी रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे सीजन जबरदस्त फॉर्म में दिखी। दिल्ली ने पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार क्रिकेट खेला और लगातार दूसरी बार फाइनल में आ गई। हालांकि इस बार उनकी नजरें अब ट्रॉफी पर होंगी।



आरसीबी का सीजन पिछले साल काफी खराब गया था। लेकिन इस बार उन्होंने शानदार कमबैक किया और आरसीबी भी अपनी पहली डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी को जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार होगी। ऐसे में दोनों टीमों के बीच गजब का फाइनल होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जो टीम इस साल महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतेगी। तो उसे कितनी प्राइज मनी मिलेगी?



## स्वीयाटेक का खिताबी मुकाबला सकारी से होगा

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने सेमीफाइनल में नंबर 31 सीड यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 6-2, 6-1 से हराकर परीबा ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली जहां उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 9 मारिया सकारी से होगा, जिन्होंने शिखर मुकाबले में पहुंचने के लिए शुक्रवार को कोको गॉफ को तीन कड़े सेटों में हराया।

कोस्त्युक के फिर से संगठित होने के प्रयासों के बावजूद, स्वीयाटेक ने पूरे मैच में सटीकता और नियंत्रण प्रदर्शित करते हुए अपनी गति बनाए रखी। पैर की चोट के कारण यूक्रेनी खिलाड़ी की चुनौतियाँ और भी जटिल हो गई थीं जिसके कारण मेडिकल टाइमआउट करना पड़ा, जिससे स्थिति स्वीयाटेक के पक्ष में और अधिक झुक गई। स्वीयाटेक ने टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में अपना कौशल दिखाते हुए, कोर्ट पर केवल 69 मिनट के बाद जीत पक्की कर ली। स्वीयाटेक की फाइनल तक की यात्रा एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद इंडियन वेल्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली नंबर 1 सीड खिलाड़ी बन गई हैं।

एक त्रुटिहीन प्रदर्शन के साथ, स्वीयाटेक को एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने कोस्त्युक के खिलाफ छह अवसरों में पांच बार ब्रेक लेकर अपना दबदबा दिखाया।

## वॉटसन ने पाकिस्तान टीम का हेड कोच बनने से किया इनकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की रेस से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के पसंदीदा उम्मीदवार माने जा रहे वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं। पिछले एक सप्ताह से ऐसी चर्चाएं थी कि पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से पहले शेन वॉटसन को टीम का हेड कोच बना दिया जाएगा, लेकिन वॉटसन ने खुद को इस दौड़ से बाहर कर लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वॉटसन तो पीसीबी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने पहले से दी हुई प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हुए इस जिम्मेदारी के लिए इनकार किया है।

शेन वॉटसन के पास अभी आईपीएल में कॉमेंट्री डील, क्वेटा ग्लैडिएटर्स के साथ उनकी भूमिका और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के साथ मेजर लीग क्रिकेट में प्रमुख कोचिंग की प्रतिबद्धता है। इसके अलावा उनका परिवार भी है जो सिडनी में रहता है। शेन वॉटसन के इस रेस से बाहर होने का मतलब है कि पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में हेड कोच के बिना ही खेलना होगा।

वहीं पीसीबी को अब जल्द ही नए हेड कोच की तलाश भी करनी होगी क्योंकि जून में टी20 विश्व कप है और उससे पहले पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

## सोनू सूद ने अपकमिंग फिल्म फतेह का फर्स्ट लुक किया जारी



एक्टर सोनू सूद ने शुक्रवार को अपनी अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर फतेह का पहला लुक शेयर किया, साथ ही घोषणा की कि फिल्म का टीजर शनिवार को जारी किया जाएगा। फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं और यह सोनू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। पोस्टर में सोनू के हाथ में एक स्याही वाला पेन है जिस पर खून लगा हुआ है। साइबर क्राइम थ्रिलर में सोनू को एक अलग अवतार में दिखाया जाएगा। पोस्टर शेयर करते हुए सोनू ने लिखा, कभी किसी को कम मत समझो, फतेह के साथ पावर पैक्ड एक्शन के लिए तैयार हो जाइए, टीजर कल रिलीज होगा। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में कुछ एक्शन सीक्वेंस भी दिखाए जाएंगे, जो हॉलीवुड स्टंट विशेषज्ञ ली व्हिटेकर की देखरेख में किए गए हैं। फतेह इस साल बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है।



## अंदाज अपना-अपना 2 की स्क्रिप्ट पर हो रहा है काम

आमिर खान हाल ही में सोशल मीडिया पर लाइव आए थे। इस लाइव वीडियो में एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर के बारे में बात की। अभिनेता ने लाइव आकर अपने फैंस को एक सरप्राइज दिया।

आमिर ने अपनी फ्लॉप फिल्म 'अंदाज अपना अपना' के सीक्वल को लेकर संकेत दिया। गौरतलब है कि साल 1994 में प्रदर्शित हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी। हालांकि, बाद में लोगों ने इस फिल्म को खूब पसंद किया। आईएमडीबी पर इस फिल्म को 8 रेटिंग मिली है। अभिनेता ने कहा, 'फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी अंदाज अपना अपना-2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने इसके बारे में सोचना शुरू किया क्योंकि मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए और दर्शकों के देखने के लिए एक बेहतरीन फिल्म होगी। लाइव के दौरान जब एक प्रशंसक ने आमिर से पूछा कि वह उन्हें सलमान और शाहरुख के साथ सिल्वर स्क्रीन पर कब देख पाएंगे? तब आमिर ने कहा, मुझे भी लगता है कि हमें साथ काम करना चाहिए। अभी जब हम तीनों साथ में थे तब शाहरुख, सलमान और मैं भी सोच रहे थे कि हमें अपने करियर में एक ऐसी फिल्म करनी चाहिए जिसमें हम तीनों रहें।

हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने लिए और अपने दर्शकों के लिए एक साथ फिल्म करें। अब देखते हैं क्या होता है। मुझे उम्मीद है कि अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट ऑफर हुई तो हम जरूर करेंगे। मुझे लगता है कि हम तीनों भी एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

## भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल खुशी जताते हुए कही यह बात

मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल आज शनिवार, 16 मार्च को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। 80 और 90 के दशक में अपने हिट गानों और भक्ति संगीत के लिए मशहूर गायिका ने पार्टी में शामिल होने पर खुशी भी जताई और इसके कारण का भी खुलासा किया। अनुराधा पौडवाल ने कहा कि वे ऐसी सरकार में शामिल होकर खुश हैं, जिसका सनातन धर्म से गहरा संबंध है। मीडिया से बातचीत के दौरान अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस सरकार में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या वे आगामी चुनाव लड़ेंगी? गायिका ने कहा कि मुझे अभी तक नहीं पता, पार्टी मुझे जो भी सुझाव देगी, यह उस पर निर्भर करता है।



## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना ने एक और समुद्री हमला किया विफल, बांग्लादेशी जहाज कराया मुक्त



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर समुद्री लुटेरों को कड़ा सबक सिखाया है। इस बार नौसेना ने सोमालिया तट पर लुटेरों द्वारा अपहृत किए गए बांग्लादेश के मालवाहक जहाज को मुक्त करा चालक दल के सदस्यों को सकुशल बचा लिया। पिछले कुछ महीनों में नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई व्यापारिक जहाजों पर लुटेरों द्वारा किए गए हमलों को विफल किया है और कई देशों के नागरिकों को बचाया है। गत जनवरी में सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी ध्वज लगे मछली पकड़ने वाले जहाज पर लुटेरों ने हमला कर दिया था। सूचना पर भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने 19 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को बचाया था। नौसेना ने बताया, कोयला लेकर मोजाम्बिक से संयुक्त अरब अमीरात आ रहे रहे बांग्लादेश का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी अब्दुल्ला पर समुद्री लुटेरों ने हमला कर दिया था। जहाज पर हमले और चालक दल को बंधक बनाए जाने की सूचना पर गत 12 मार्च को नौसेना ने तत्काल युद्धपोत और लंबी दूरी की समुद्री गश्ती विमान को तैनात कर दिया। नौसेना ने बताया कि 12 मार्च की शाम को अपहृत जहाज का पता लगा लिया गया और जहाज से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद गुरुवार सुबह नौसेना एमवी अबदुल्ला से संपर्क साधने में सफल रही। भारतीय नौसेना ने बताया कि सोमालिया के जल क्षेत्र में प्रवेश करने तक युद्धपोत एमवी अब्दुल्ला के करीब बना रहा। इसके बाद नौसेना ने चालक दल के सदस्यों (सभी बांग्लादेशी) की सुरक्षित बचा लिया।

### अपाचे की गर्जना से कांपेंगे दुश्मन, सेना की ताकत में होगा इजाफा; राजस्थान में स्क्वाड्रन स्थापित




**नई दिल्ल, एजेंसी।** भारत को छेड़ने की गुस्ताखी करने वालों को अब खैर नहीं... राजस्थान के जोधपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन स्थापित की गई।
अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आर्मी एविएशन कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी और बोइंग निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जोधपुर में इसकी घोषणा हुई। इसकी तैनाती से पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने में मदद मिलेगी। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वाड्रन का पहला हेलीकाप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। इस स्क्वाड्रन के गठन से पशितमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी। अपाचे हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी मई में शुरू होने की संभावना है। अपाचे को अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने बनाया है और यह दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वाड्रन का पहला हेलीकाप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। इस स्क्वाड्रन के गठन से पशितमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी। जानकारी के अनुसार, भारतीय सेना राजस्थान में छह अपाचे हेलीकाप्टर तैनात करने वाली है इसे अमेरिकी कंपनी बोइंग ने तैयार किया है। सनद रहे कि आर्मी एविएशन कोर वर्तमान में ध्रुव और चेतक जैसे हेलीकाप्टर संचालित करते हैं। पिछले साल असम के मिसामारी में स्वदेशी रूप से विकसित लाइट काम्बैट हेलीकाप्टर (एलसीएच) प्रचंड को शामिल किया था। भारतीय वायुसेना पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर पहले से ही 22 अपाचे हेलीकाप्टरों की है।


## एनसीआर से जेवर की बढ़ेगी कनेक्टिविटी

# विमान से पहले शुरू होगी बस सेवा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से विमान सेवा शुरू होने से पहले दिल्ली-एनसीआर के सभी शहरों के लिए बसें चलाने की तैयारी है। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से रोडवेज के अधिकारियों से वार्ता की जा रही है। फिलहाल नोएडा से जेवर के लिए छह बसें चलती हैं, जिन्हें बढ़ाकर 80 करने की भी योजना है।

प्राधिकरण के अनुसार दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने की कवायद तेज कर दी गई है। एयरपोर्ट के लिए गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बस का संचालन किया जाएगा। ऐसे में रोड कनेक्टिविटी के सभी निर्माण कार्य को 30 अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परी चौक स्थित जीरो प्वाइंट से यमुना एक्सप्रेसवे पर 40 किलोमीटर तक 60 मीटर सर्विस रोड को बनाने का कार्य तेजी से चल रहा हैं।

एयरपोर्ट के पहले फेज का निर्माण अंतिम चरण में है। रनवे तैयार हो गया है। यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से एयरपोर्ट तक बनने वाली 700 मीटर लंबी रोड का निर्माण भी पूरा होने वाला है। ईस्टर्न पेरीफेरल को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से बल्लभगढ़ से दयानतपुर तक हाइवे का निर्माण हो रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का काम सितंबर से पहले पूरा हो जाएगा। एयरपोर्ट पर नेविगेशन और सर्विलांस उपकरण लगने शुरू हो गए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डॉ. अरुणवीर सिंह ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की बोर्ड बैठक में ये बातें कहीं। सीईओ ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी अगले महीने तक पूरी हो जाएगी। एयरपोर्ट के विकास के लिए डेवलपर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे निर्माण का काम तेज कर दिया है।




बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की। उन्होंने सभी एजेंसियों से समन्वय बनाकर कार्य को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एअरपोर्ट जेवर के विकास के संबंध में हुई प्रगति को प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि विकासकर्ता ज्यूरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवेलप्मेंट प्लान के अनुसार काम तेज कर दिया है।


उड़ान से पहले रनवे पर बोइंग विमान उतारने की तैयारी है। इसका ट्रायल भी जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

## मुझसे पैसे लेकर विदेशी अखबारों में सरकारी स्कूलों की कराई तारीफ, ठग सुकेश चंद्रशेखर का केजरीवाल पर बड़ा आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने लोकसभा चुनाव 2024 के ऐलान से पहले अपने के नए लैटर बम से सनसनी मचा दी है। सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल सुपरिंटेंडेंट के जरिये धमकियां और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है।

सुकेश ने जेल से एक पत्र लिखा है, जिसमें उसने जेल के नए सुपरिंटेंडेंट धनंजय रावत और मीना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के कहने पर उसे धमकाने और अपनी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

सुकेश चंद्रशेखर ने आरोप लगाया है कि 2020 में तत्कालीन जेल मंत्री सत्येंद्र जैन के कहने पर सुपरिंटेंडेंट धनंजय रावत को डेढ़ करोड़ रुपये दिया गया। साथ ही 2021 में करीब 2 करोड रुपये की लग्जरी घड़ी भी दी गई थी। सुकेश चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि धनंजय रावत को साजिशन वहां जेल सुपरिंटेंडेंट लगाया गया, जहां फिलहाल सुकेश चंद्रशेखर बंद है ताकि सुकेश पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा सके।





इतना ही नहीं, सुकेश ने एक और बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय अखबारों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तारीफ वाला लेख छपने के लिए उसने डेढ़ करोड़ रुपए दिए थे। सोमनाथ भारती के जरिये ही यह पैसा विदेशी अखबारों तक भेजा गया था। साथ ही यह पैसा सोमनाथ भारती के ही एक रिश्तेदार की कंपनी से रूट किया गया था।जेल के अंदर से लिखे अपने आरोप पत्र में सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर सत्येंद्र जैन को प्रोटेक्शन मनी के तौर पर 10 करोड रुपये देने का जिक्र किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने 2 मार्च को मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में कई विभागों के पूर्व मंत्री रहे जैन पर चंद्रशेखर से 'प्रोटेक्शन मनी' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे।


# गुरुग्राम में और तेज हुआ बुलडोजर एक्शन

● 6 अवैध कॉलोनियों को मलबे में मिलाया; सड़कें भी उखाड़ी गईं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने शुक्रवार को पटौदी ब्लॉक में अवैध रूप से पनप रही छह कॉलोनियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। ये कॉलोनियां करीब 20 एकड़ में विकसित की जा रही थीं। इन कॉलोनियों में खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए डीटीपीई की तरफ से तहसीलदार को पत्र लिखा जाएगा।

इन्हें मलबे में मिला दिया गया। इसमें प्लॉट बेचने के लिए भूमाफियाओं ने सड़कें बना दी थीं, जिन्हें उखाड़ दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव रामपुरा और पटौदी में पहुंचा। यहां चार कॉलोनियां करीब 14 एकड़ में विकसित होती मिलीं। 20 मकानों के निर्माण के लिए डीपीसी डाली गई थी, जिन्हें जेसीबी से मलबे में मिला दिया। साथ ही सड़कों को भी उखाड़ दिया।





इस दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीटीपीई कार्यालय के एटीपी दिनेश सिंह मौजूद रहे। बता दें कि, गुरुवार को भी गुरुग्राम नगर निगम ने न्यू कॉलोनी में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया था। इस दौरान दस अवैध निर्माणों को तोड़ने के साथ ही सील भी किया। यह कार्रवाई जोन-1 की इनफोर्समेंट टीम द्वारा की गई। गुरुवार को सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) दीपक कुमार, कनिष्ठ अभियंता वरुण वशिष्ठ व सचिन कुमार की टीम जेसीबी व पुलिस बल लेकर न्यू कॉलोनी में पहुंची। यहां पर कई निर्माणकर्ताओं ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध निर्माण किए हुए थे।



## शोहेई ओहतानी की पत्नी के नाम से उठ गया पर्दा, बेसबॉल सुपरस्टार ने खुद किया खुलासा

**टोक्यो।** बेसबॉल सुपरस्टार शोहेई ओहतानी ने दो हफ्ते पहले सभी को चौंकाते हुए अपनी शादी की घोषणा की थी। उन्होंने शादी के बाद पहली बार अपनी नई नवेली दुल्हन की पहचान का खुलासा किया है। शोहेई ने बताया कि उनकी पत्नी एक शीर्ष एथलीट हैं। 29 साल के शोहेई ओहतानी ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट करके इसका खुलासा किया है। इसमें दोनों दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान लॉस एंजिल्स डोजर्स टीम की फ्लाइट के पास एक दूसरे के साथ खड़े हैं। दरअसल, शोहेई ओहतानी के साथ मौजूद उनकी पत्नी और कोई नहीं बल्कि ममिको तनाका हैं, जो महिला जापान बास्केटबॉल लीग में फुजित्सु रेड वेव की पूर्व स्टार खिलाड़ी हैं। 27 वर्षीय ममिको तनाका अंडर 16, 17 और अंडर 18 स्तर पर जापान के लिए खेल चुकी हैं। बता दें कि ओहटानी जापान में बेहद लोकप्रिय व्यक्ति हैं। उन्होंने 29 फरवरी को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में बताया था कि उन्होंने एक जापानी महिला से शादी की है। यह खबर पूरे जापान में चर्चा का विषय बन गई थी, लेकिन उन्होंने महिला की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। दो हफ्ते बाद उन्होंने इसका खुलासा कर दिया है।

# पिता के नक्शेकदम पर चल रहे प्रिंस विलियम

### पत्नी केट की दोस्त से फरमा रहे इश्क? अफेयर से शाही परिवार में दरार

**लंदन , एजेंसी।**
ब्रिटेन की रॉयल फैमिली के राजकुमार प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन इन दिनों काफी सुर्खियों में है। दरअसल, पहले केट मिडलटन अपनी बीमारी के कारण चर्चा में थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि उनके पति प्रिंस विलियम का किसी और के साथ अफेयर चल रहा है।

दरअसल, हाल ही में केट की एक तस्वीर वायरल हो रही थी, जिसमें उन्हें लापता बताया जा रहा था, हालांकि बाद में बताया गया कि वह फोटो एडिट की गई थी। इसी बीच, एक्स्ट्रा अफेयर की खबर को लेकर बात उठने लगी है कि प्रिंस के अफेयर के कारण ही केट शाही परिवार के साथ नजर नहीं आ रही है।

### पत्नी की दोस्त के साथ अफेयर

सुर्खियों में रहने वाले प्रिंस विलियम का अफेयर लेडी सारा रोज हैनबरी के साथ बताया जा रहा है। हैनबरी का शाही परिवार से काफी करीबी रिश्ता है, क्योंकि वह प्रिस विलियम की पत्नी केट की सबसे अच्छी दोस्तों में से एक है। लेडी सारा रोज हैनबरी डेविड चोलमोंडेली की पत्नी हैं, जो चोलमोंडेली के 7वें मार्क्वेस है।

ऐसा पहली बार नहीं है जब प्रिंस और हैनबरी के अफेयर की खबर सामने आई है। साल 2019 में भी इन दोनों की अफेयर की खबर सुर्खियों में थी। उस दौरान बताया गया था कि प्रिंस विलियम ने हैनबरी के साथ अपना वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया था।





### शाही परिवार ने केट को लेकर दिया बयान

केट मिडलटन के सार्वजनिक न होने पर लगातार उड़ने वाली अफवाहों के बीच केंसिंग्टन पैलेस ने एक बयान जारी किया है, जिसमें बताया है कि केट पेट की सर्जरी से उबर रही हैं, इसलिए वह अभी बाहर नहीं निकल रही हैं। केट मिडलटन और प्रिंस विलियम की शादी 2011 में हुई थी। इनके तीन बच्चे- प्रिंस जॉर्ज, प्रिंसेस चार्लोट और प्रिंस लुइस हैं। बताया जा रहा है, कि इनका परिवार केंसिंग्टन पैलेस में रहता है।

### केट का परिवार के साथ तस्वीर वायरल

पिछले साल, हैनबरी ने किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में भाग लिया था, लेकिन केट के साथ उनकी कोई तस्वीर सामने नहीं आई थी, जिससे खबरों को और तेजी मिल गई थी। इसके बाद बीच में प्रिंस विलियम और उनके तीनों बच्चों के साथ केट की तस्वीर सामने आई थी, लेकिन उसे एडिट फोटो बताया जा रहा था। उस तस्वीर में केट ने शादी की अंगूठी नहीं पहनी थी।

### गाजा में खाने का इंतजार करते लोगों पर फायरिंग, 29 लोगों की दर्दनाक मौत

**यरुशलम , एजेंसी।** गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। रफाह में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजरायल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। 29 फरवरी को इसी तरह की एक घटना में गाजा सिटी के निकट राहत सामग्री का इंतजार कर रहे फलस्तीनियों पर इजरायली सैनिकों की फायरिंग में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे। गाजा के अन्य इलाकों में इजरायली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31,490 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस बीच, दक्षिणी इजरायल के एक रेस्टोरेंट में एक इजरायली सैनिक को 22 वर्षीय युवक ने धारदार हथियार से हमला कर मार डाला। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने इस हमलावर को गोली मार दी। गाजा में रमजान के महीने में युद्धविराम और बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई की कोशिश विफल रही हैं। हमास की स्थायी युद्धविराम की मांग को मानने के लिए इजरायल तैयार नहीं है। अब सुरक्षा परिषद में इस बाबत प्रस्ताव लाने की अमेरिका तैयारी कर रहा है।

## कनाडा में भारतीय मूल के दंपति और उनकी नाबालिग बेटी की रहस्यमय आग लगने से मौत

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भारतीय मूल के दंपति और उनकी नाबालिग बेटी की रहस्यमय आग लगने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि घटना 7 मार्च को हुई। घर में लगी आग के बाद शव पूरी तरह से जल गए थे और उनकी पहचान कल की गई। पील पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सात मार्च को ब्रैम्पटन के बिग स्काई वे और वैन किर्क ड्राइव क्षेत्र में एक घर में संदिग्ध हालात में आग लग गई थी। आग बुझने के बाद पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो वहां मानव अवशेष बरामद किए गए, लेकिन उस समय मरने वालों की पहचान और संख्या का पता नहीं चल सका था।

पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान शुक्रवार को भारतीय मूल के राजीव वारिकू (51), उनकी पत्नी शिल्पा कोठा (47) और बेटी महक वारिकू (16) के रूप में हुई है। पहले कहा गया था कि यह एक आवासीय आग थी, लेकिन अपनी प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने कहा कि आग दुर्घटनावश नहीं लगी होगी। पील पुलिस के कांस्टेबल टैरिन यंग ने आग को संदिग्ध बताया और कहा कि वे कारण का पता लगाने के लिए उपलब्ध सभी सबूतों की जांच कर रहे हैं।




कांस्टेबल टैरिन यंग ने समाचार चैनल सीटीवी को बताया, इस समय, हम अपने होमीसाइड ब्यूरो के साथ इसकी जांच कर रहे हैं, और हम इसे संदिग्ध मान रहे हैं क्योंकि ओंटारियो फायर मार्शल ने माना है कि यह आग आकस्मिक नहीं लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घर के आग की चपेट में आने से पहले उन्होंने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी। मृतक परिवार के पड़ोसी केनेथ यूसुफ ने बताया कि पूरा घर आग की लपटों में घिरा हुआ था। सीटीवी ने यूसुफ के हवाले से कहा, जब हम बाहर आए तो घर में आग लगी हुई थी। बहुत दुखद। कुछ ही घंटों में सब कुछ जमीन पर गिर गया। आग बुझने के बाद, पुलिस को जले हुए घर के भीतर मानव अवशेष मिले, लेकिन उस समय मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं चल सका। पुलिस ने एक बयान में कहा, घटनास्थल की जांच करते समय, जांचकर्ताओं को खाक हो चुके घर के भीतर मानव अवशेष मिले। पील रीजनल पुलिस होमिसाईड ब्यूरो के जासूस मुख्य कोरोनर के कार्यालय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और उन्होंने अवशेषों की पहचान कर ली है। मृतक राजीव वारिकू टोरंटो पुलिस में स्वयंसेवक के रूप में काम कर चुके हैं और उनका कार्यकाल 2016 में समाप्त हो गया था। वहीं महेक वारिकू एक होनहार युवा फुटबॉलर थी। उनके कोच ने उन्हें मैदान पर एक असाधारण प्रतिभा बताया। पुलिस का कहना है कि मौतों की जांच अभी भी जारी है। उन्होंने मामले की जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से आगे आने का आग्रह किया गया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक:- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय
कार्यालय पता:- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मो:- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।
दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।